


सूर्योदय प्रातः 5:03 | सूर्यास्त संध्या 6:37 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . चतुर्थी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 36° न्यूनतम 26°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 18 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 124, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,155.62 | 347.14 (0.45%) |
| निफ्टी | 24,085.70 | 96.55 (0.40%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,47,000.00 |
| चांदी | 2750.00 |

## एक झलक

### ट्रैक्टरों ने ई रिक्शा सवारों को रौंदा, छह की मौत

**बदायूं :** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर को हाइवे पर रेस लगा रहे ट्रैक्टरों ने एक ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में ई रिक्शा सवार छह महिलाओं की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और एसएसपी अंकिता शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। डीएम ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिये हैं। ट्रैक्टर चालकों को पकड़ लिया गया है। जिलाधिकारी राय ने बताया कि पुलिस की जांच में यह पता चला है कि कछला और उझानी के बीच फूलपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे।

### वडोदरा में बस-ट्रक की टक्कर, सात की मौत

**वडोदरा :** गुजरात के वडोदरा शहर स्थित कोटंबी स्टेडियम के पास बुधवार तड़के करीब 04 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकरायी। हादसे में 07 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 26 यात्री घायल हैं। सभी घायलों को वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बस में कई यात्री फंस गये थे। सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), वडोदरा फायर विभाग, पुलिस तथा अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। एनडीआरएफ की 6वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4:40 बजे कंट्रोल रूम से बस और ट्रक की टक्कर की सूचना मिली थी। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई।

### 10 लाख की इनामी माओवादी नेता 'पुष्पा' ने किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ज़िला स्थित बेलपहाड़ी में माओवादी आंदोलन से लम्बे समय से जुड़ी नेता पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा ने बुधवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। वर्ष 2001 से माओवादी गतिविधियों से जुड़ी रहीं पुष्पा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें नहीं लगता कि आन्दोलन आगे अधिक दूर तक बढ़ पायेगा, इसलिए उन्होंने सरकार की पुनर्वास सम्बन्धी नीतियों और आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए यह कदम उठाया है।

## कार्टून कोना




### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजन से बदला ग्रामीण झारखण्ड का परिदृश्य : 'पलाश' ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाओं की मेहनत को मिल रहा है वैश्विक मंच

# झारखण्ड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव से ग्रामीण महिलाओं की बदल रही तकदीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का विजन और ग्रामीण महिलाओं की मेहनत के अनूठे संगम ने प्रमाणित कर दिया कि यदि दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत एक साथ मिल जाये, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है।

इसी सोच और कड़ी मेहनत से पलाश ब्रांड के तहत झारखण्ड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव ने ग्रामीण महिलाओं और किसानों की तकदीर बदल रही है। आज

- 2240 क्विंटल आमों की हुई बिक्री, अबतक 60.51 लाख से अधिक का कारोबार
- बाजार विस्तार के लिए APEDA के अतिरिक्त ब्लिंकिट, रिलायंस फ्रेश और कशिश मॉल जैसे कॉर्पोरेट का मिल रहा सहयोग
- 52,000 एकड़ के आम बागान तुड़ाई के लिए तैयार हैं, 50,000 मीट्रिक टन आम के उत्पादन का अनुमान



झारखण्ड का आम न केवल देश के बड़े रिटेल चेन, बल्कि सात समंदर पार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मिठास घोल रहा है।

**बड़े पैमाने पर फलदार पौधरोपण और स्थायी आजीविका**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरूआत कोरोना संक्रमण काल में हुई थी। सखी मंडल की दीदियों के साथ-साथ संक्रमण काल में अपने गांव लौटे प्रवासी श्रमिकों ने भी योजना को अपनी आजीविका का साधन बनाया था। इसका असर आज साफ दिख रहा है। राज्य के करीब 1.86 लाख एकड़ क्षेत्र में आम के बगीचे लहलहा रहे हैं, जिससे लगभग 2.15 लाख ग्रामीण परिवारों को सीधे तौर पर स्थायी आजीविका और रोजगार के अवसर मिले हैं। वर्तमान में लगभग 52,000 एकड़ के बागान पूरी तरह से तुड़ाई के लिए तैयार हैं, जिससे इस सीजन में करीब 50,000 मीट्रिक टन आम के उत्पादन का अनुमान है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी ने जी7 के मंच से की वैश्विक दक्षिण और छोटे देशों को सहयोग देने की अपील

# साझा विकास से ही उम्मीदें हकीकत बन सकेंगी : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को विकासशील देशों को वैश्विक सप्लाई चेन में रुकावट के झटकों को झेलने और आर्थिक मजबूती बनाये रखने में मदद करने के लिए सहायक तंत्र बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट के कारण ईंधन, खाद और खाद्य सप्लाई चेन में आयीं रुकावटों का असर लम्बे समय तक 'वैश्विक दक्षिण' पर पड़ता रहेगा। उन्होंने कहा, 'अगर हम सच में अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करना चाहते हैं, तो सबसे कमजोर देशों को इन संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाने देना चाहिए।'

प्रधानमंत्री मोदी ने आज एवियन में जी7 शिखर सम्मेलन में सभी के लिए संतुलित, साझा और टिकाऊ आर्थिक विकास को फिर से शुरू करने पर आयोजित आउटरीच सत्र को सम्बोधित किया। उन्होंने इस विषय को महत्त्व देने के लिए फ्रांस (जी7 प्रेसीडेंसी) की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास का मतलब सिर्फ. जीडीपी या व्यापार के आंकड़े नहीं हैं। असली सवाल यह है कि विकास किसके लिए, किसके साथ और किस दिशा में हो रहा है? भारत का अनुभव दिखाता है कि साझा विकास से उम्मीदों को हकीकत में बदला जा सकता है। भारत की विकास गाथा समावेश, बड़े पैमाने और लोकतांत्रिक सशक्तीकरण की कहानी है।

मोदी ने कहा कि यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' से प्रेरित है। भारत ने जी20 अध्यक्षता, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (आईएमईसी) की शुरूआत और कई अन्य मौकों पर इसे दर्शाया है। उन्होंने सुझाव ● शेष पृष्ठ 11 पर



### एफटीए को शीघ्र अपनाने पर दिया जोर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एवियन में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपियन परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपियन आयोग की अध्यक्षा उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते पर जल्द से जल्द हस्ताक्षर करने और उसे लागू करने पर जोर दिया। उनका मानना रहा कि इससे व्यापार और निवेश के लिए बड़े अवसर खुलेंगे और सप्लाई चेन में विविधता लाने में मदद मिलेगी। मौजूदा ● शेष पृष्ठ 11 पर



### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर जोर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फ्रांस के एवियन में जी7 समिट के दौरान जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज.से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग को अधिक मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया। चांसलर मर्ज ने प्रधानमंत्री को इस साल के आखिर में जर्मनी में होनेवाली 8वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी बातचीत (आईजीसी) के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार नेताओं ने द्विपक्षीय सम्बन्धों में हुई प्रगति की समीक्षा ● शेष पृष्ठ 11 पर



# झारखंड एटीएस अब सीआईडी के अधीन करेगी कार्य

### डीजीपी ने जारी किये आदेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में देश विरोधी गतिविधियों और आतंकवाद से निपटने के लिए गठित आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) अब राज्य के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के अधीन कार्य करेगा। इस संबंध में झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बुधवार को आधिकारिक आदेश जारी किये।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में एटीएस को लेकर जारी सभी निदेर्शों को निरस्त कर दिया गया है। अब एटीएस की सभी प्रशासनिक, अनुसंधान, जांच और परिचालन सम्बन्धी गतिविधियां पूर्ण रूप से सीआईडी के निर्देशन में संचालित होंगी।

आदेश के अनुसार, झारखंड एटीएस का गठन वर्ष 2015 में आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से किया गया था। गृह कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना के तहत इसे राज्य स्तरीय थाने का दर्जा भी प्राप्त है। इसके अतिरिक्त अधिसूचना संख्या 102/2021 के माध्यम से एटीएस को संगठित अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए भी अधिकृत किया गया है।

डीजीपी के निर्देश में यह भी कहा गया है कि अब सभी मामलों की जांच सीआईडी के अधीन होगी तथा अनुसंधानकर्ता, पर्यवेक्षक अधिकारी की नियुक्ति, प्रगति प्रतिवेदन और पर्यवेक्षण सम्बन्धी कार्य सीआईडी प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत किये जायेंगे।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि एटीएस का मुख्य कार्य आतंकवादियों से जुड़े नेटवर्क की पहचान, स्लीपर सेल का भंडाफोड़, आतंकी गतिविधियों की रोकथाम और संभावित आतंकी घटनाओं से निपटना रहेगा। इसके संचालन में पुलिस अधीक्षक एटीएस, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) के निर्देशन में कार्य करेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### बंगाल के बांकुड़ा में तृणमूल कांग्रेस को झटका

## मेयर अलका सेन मजूमदार ने दिया इस्तीफा

**बांकुड़ा :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गयी है। राज्य में तृणमूल कांग्रेस को लगातार झटके लगने के बीच बांकुड़ा नगरनिगम की अलका सेन मजूमदार ने अचानक मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। बुधवार को वह बांकुड़ा जिला एसडीओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस घटना को लेकर जिले की राजनीतिक अटकलें तेज हो गयी हैं। इस्तीफे के बाद अलका सेन मजूमदार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया।

# बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री उदयन गुहा गिरफ्तार



**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कूचबिहार जिला पुलिस ने यह कार्रवाई बुधवार को कोलकाता के फूलबागान स्थित उनके फ्लैट से की। गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्थानीय फूलबागान थाने ले जाया गया, जहां से पुलिस उन्हें उत्तर बंगाल ले जाने की तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिनहाटा के पूर्व तृणमूल विधायक उदयन गुहा की यह गिरफ्तारी एक पुराने मामले के सिलसिले में हुई है। उन पर साल 2021 के विधानसभा चुनाव और साल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कूचबिहार में हुई 'चुनाव बाद हिंसा' में शामिल होने का आरोप है।इसके अलावा, उदयन गुहा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से जुड़े कई अन्य मामले भी दर्ज हैं। हालांकि, पुलिस के एक अन्य धड़े का दावा है कि उन्हें विशेष रूप से धोखाधड़ी के एक मामले में हिरासत में लिया गया है।

दूसरी ओर, गिरफ्तारी के बाद पूर्व मंत्री उदयन गुहा ने पुलिस कार्रवाई पर गम्भीर सवाल उठाये हैं।

# देश का रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** देश के रक्षा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉड सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह ऐतिहासिक उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 1.54 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन के मुकाबले में 15.6 फीसदी की वृद्धि को दशार्ती है। मंत्रालय के मुताबिक इसके अलावा वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में इसमें 110 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, जब रक्षा उत्पादन का आंकड़ा 84,643 करोड़ रुपये था। मंत्रालय ने कहा कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक ● शेष पृष्ठ 11 पर




### गुजरात की तीन महानगर पालिकाओं को उड़ाने की धमकी

**सूरत :** गुजरात की सूरत, जामनगर और वडोदरा महानगर पालिका के कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। धमकी भरे संदेश के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गयीं और सम्बन्धित महानगर पालिका परिसरों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गयी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सबसे पहले जामनगर महानगर पालिका में बम होने संबंधी धमकी भरा ई-मेल मिला। सूचना मिलते ही महानगर पालिका भवन को तत्काल खाली कराया गया और पुलिस, बम निरोधक दस्ता तथा डॉग स्क्वॉड की टीमों ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।

# राज्यसभा चुनाव से पहले राजग विधायकों ने दिखायी एकजुटता, मॉक पोल का प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में 18 जून को होनेवाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में उत्साह का माहौल है। मतदान से कुछ घंटे पहले रांची के निवारणपुर स्थित होटल रेडिशन ब्लू में ठहरे राजग विधायकों की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में विधायकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गयी तथा मॉक पोल प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विधायकों को राज्यसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया, मतपत्र के उपयोग और मतदान संबंधी तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। खासकर नये विधायकों को मतदान की पूरी प्रक्रिया समझाई गई, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि की सम्भावना न रहे। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### जीआई के क्षेत्र में झारखंड ने मजबूत की अपनी उपस्थिति

# राज्य के 11 नये उत्पादों को मिला जीआई टैग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार राज्य की अनूठी कला, शिल्प, कृषि उत्पादों और पारम्परिक वस्तुओं को पहचान दिलाने, उन्हें सुरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, जीआई रजिस्ट्री ने हाल ही में राज्य के 11 और महत्त्वपूर्ण उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया है।

इन पहलों का मुख्य उद्देश्य झारखंड के पारंपरिक उत्पादों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करना, बाजार में उनकी पहचान बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्थापित करना है।




**झारखंड के ये उत्पाद हुए जीआई क्लब में शामिल**

**हाल** ही में जिन उत्पादों को जीआई दर्जा दिया गया है, उनमें कुचाई सिल्क साड़ी और कपड़े, भगैया साड़ी और कपड़े, दुमका चादर बदोनी पुतुल (कठपुतली), झारखंड पंछी परहान पंछी साड़ी और कपड़े, झारखंड की टसर सिल्क साड़ियां और कपड़े, झारखंड डोकरा क्राफ्ट (धातु शिल्प) झारखंड के आदिवासी आभूषण (Tribal Jewellery), झारखंड के बांस शिल्प (Bamboo Crafts), केसरिया कलाकंद, झारखंड बेनाम और झारखंड जादुपटुआ पेंटिंग शामिल हैं। इन सभी नये जीआई टैगों का आधिकारिक प्रकाशन अगले कुछ दिनों में कर दिया जायेगा। वर्ष 2019 तक झारखंड के पास केवल एक जीआई-टैग उत्पाद (सोहराई और खोवर पेंटिंग) था, लेकिन अब यह संख्या बढ़ कर 12 हो गयी है, जो जीआई परिदृश्य में राज्य की बढ़ती ताकत को दशार्ता है।

**झारक्राफ्ट की बड़ी उपलब्धि**

**उद्योग** विभाग, झारखंड सरकार के तहत कार्यरत झारक्राफ्ट और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड वर्ष 2019 से ही जीआई पंजीकरण गतिविधियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। इसी प्रयास के तहत एक उल्लेखनीय मील का पत्थर तब हासिल हुआ, जब झारक्राफ्ट ने एक साथ तीन उत्पादों झारखंड की टसर सिल्क साड़ियां और कपड़े, झारखंड के आदिवासी आभूषण और झारखंड के बांस शिल्प के लिए जीआई पंजीकरण सुरक्षित किया है।

**अन्य उत्पाद भी हैं कतार में**

झारखंड की यह जीआई यात्रा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक ज्ञान की रक्षा के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर चुकी है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य अनूठे उत्पादों के आवेदन भी जीआई रजिस्ट्री में जमा किये गये हैं, इनमें मांदर, प्यतकर पेंटिंग, निमुचा/करनी शॉल, लाह की चूड़ियां, देवघर पेड़ा, रागी, रुगड़ा, धुस्का, कुसुमी लाहा, साल के बीज, महुआ का फूल और करंज के बीज शामिल हैं। राज्य में अभी भी कई और स्वदेशी उत्पादों को जीआई ढांचे के तहत लाने और राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों में उन्हें सही पहचान दिलाने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

## एक झलक

### पुंदाग में वर्षों से लम्बित सड़क निर्माण कार्य शुरू, पार्षद निहारिका कुमारी की पहल रंग लायी

**रांची (पुंदाग) :** वार्ड-36 की पार्षद निहारिका कुमारी के प्रयासों से साहू चौक, पुंदाग से मस्जिद तक वर्षों से लंबित सड़क निर्माण आज बुधवार से निर्माण शुरू हो गया। कार्य की शुरूआत जाबिर हुसैन के घर के समीप से की गई और यह सड़क आगे चलकर साहू चौक से जुड़ेगी। सड़क निर्माण की खबर से स्थानीय लोगों में खुशी और उत्साह दिखा। पहले साहू चौक से रेल फाटक तक तथा अन्य संपर्क मार्गों का निर्माण पूरा हो चुका था, मगर मस्जिद की तरफ जाने वाला मुख्य मार्ग तकनीकी व प्रशासनिक कारणों से लंबित था। पार्षद निहारिका कुमारी ने प्रशासन से समन्वय कर बाधाएँ दूर करवाईं और निर्माण कार्य शुरू करवाया। स्थानीय निवासियों ने उनकी पहल की सराहना की है। इस मौके पर झारखंड प्रदेश तेली समाज, रांची जिलाध्यक्ष जेम्स कुमार कश्यप ने पार्षद का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा होगी तथा स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक 20 जून को

**रामगढ़ :** सीपीआई (एम) रामगढ़ जिला कमेटी की रूटीन बैठक आगामी 20 जून को भुरकुंडा स्थित सीटू कार्यालय में होगी। जिसमें केवी श्रीनिवासन पूर्व जिला सचिव के सम्मान मे श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं बैठक मे मुख्य रूप से बढ़ती महगाई, एसआईआर, जिले की जन समस्याओ, सौंदा डी कोलियरी को उजाड़ने से उत्पन्न बिस्थापन की समस्या पर आंदोलन की रुपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही भारत सरकार के द्वारा नये लेबर कोड लागू किए जाने के कारण कोयला मजदूरों के 12वां वेतन समझौता मे हो रहे विलंब पर भी चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने दी है।

### बलकुदरा में ग्रामीणों ने सांसद-विधायक का पुतला फूंका



**भुरकुंडा :** बलकुदरा छाई डैम में आदिवासी महिला को घर से निकालने और पुलिस-प्रशासन द्वारा उसके घर को जेसीबी से तोड़ने पर ग्रामीणों ने बुधवार को सांसद -विधायक का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया कि मंगलवार की शाम अंचलाधिकारी पतरातू मनोज कुमार चौरसिया पुलिस बल के साथ पहुंचे। स्व काशीनाथ मुण्डा के घर की विधवा फुलो देवी को हटाते हुए घर दिया। कहा गया कि एनटीपीसी के लिए जमीन खाली कराने का आदेश प्राप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला को पुनर्वास हेतु जमीन आवंटित कर घर बनाकर देने की मांग की गई। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। जनप्रतिनिधि वोट लेना जानते हैं आम लोगों की मदद करनेवाला कोई नहीं है। पुतला दहन में झरी मुंडा , कमलेश कुमार सिंह, कुलदीप यादव, रामकिशुन साहु, गणेश मुंडा, दशरथ मुंडा, राजेश कुमार सिंह, टेभन मुंडा, दीपक मुंडा, गणेश यादव, उदय कुमार सिंह, चरण उरांव, संतोष कुमार सिंह, सयाल उरांव, राजू उरांव, मधु देवी, तरवा देवी, एतवा देवी, मुन्ना, सांभा सहित अन्य शामिल थे।

### रांची में संघ कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंका, पुलिस जांच में जुटी

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के चुटिया थाना के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत कार्यालय पर मंगलवार देररात पेट्रोल बम फेंकने से सनसनी फैल गई। बताया गया है दो संदिग्धों ने सॉस की बोतल में पेट्रोल भरकर फेंका। दोनों बोतल कार्यालय की बाउंड्री से ठीक पहले गिरीं। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि जानकारी मिलते ही शुरू कर दी गई है। इस घटना में दो युवक हैं। जांच में एफएसएल सहित कई टीमों को लगाया गया है। घटना की तस्वीर सीसीटीवी में कैद है।

## जर्जर भवन में चल रहा विद्यालय

# हादसे के साये में पढ़ने को मजबूर हैं विद्यार्थी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी जिले के जरियागढ़ स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय की स्थिति इन दिनों काफी चिंताजनक बनी हुई है। विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, लेकिन भवन की कमी के कारण यहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। विद्यालय की बदहाल स्थिति न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है। विद्यालय के कई कक्षों की छतों से लगातार प्लास्टर और मलबा झड़ रहा है। कई स्थानों पर छत के अंदर लगी लोहे की सरिया भी दिखाई देने लगी है, जिससे भवन की कमजोर हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। शिक्षकों के अनुसार पढ़ाई के दौरान हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार कक्षाओं में पढ़ाई के दौरान छत से प्लास्टर टूटकर गिर चुका है, जिससे छात्र-छात्राओं में भय का माहौल बना रहता है। बरसात के मौसम में विद्यालय की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। विद्यालय के कमरों के साथ-साथ कार्यालय की छत भी जगह-जगह से टपकती है। बारिश के दिनों में कमरों में पानी भर जाता है। छात्र भीगते हुए पढ़ाई करने पर मजबूर है। विद्यालय में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहां आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि भवन की जर्जर स्थिति कोई नई समस्या नहीं है। वर्षों से विद्यालय मरम्मत और नए भवन की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि भवन की खराब स्थिति को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि भवन वर्षों से क्षतिग्रस्त है और समय-समय पर छत से मलबा गिरता रहता है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि भवन की कमी के कारण पढ़ाई बंद करना संभव नहीं है, इसलिए जोखिम के बावजूद कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से अविलंब हस्तक्षेप कर नए विद्यालय भवन के निर्माण अथवा जर्जर भवन के जीर्णोद्धार की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार और विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## माज पहाड़ के समीप दो बाइकों की भीषण टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र के बंता-टिकट रोड स्थित माज पहाड़ के समीप बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो युवक एवं एक चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलिन वनडीह निवासी नीतीश महतो (30 वर्ष) अपने चार वर्षीय पुत्र उमेश कुमार के साथ ससुराल सोनाहातू क्षेत्र से अपने घर लौट रहे थे। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर लोवादाग निवासी सुखदेव महतो (28 वर्ष) एवं लोदमू निवासी दयानंद महतो (35 वर्ष) सवार थे। सिल्ली से बंता की तरफ जा रहा था । माज पहाड़ के समीप दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में शामिल मोटरसाइकिलों के नंबर खल02अठ-8819 एवं खल01ऊ6422 बताए गए हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर वाहन एवं सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दयानंद महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं नीतीश महतो, सुखदेव महतो एवं चार वर्षीय उमेश कुमार का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है घटना की सूचना मिलते ही मृतक एवं घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। वहीं घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक भी अस्पताल पहुंच गए।

## सिल्ली पुलिस की बड़ी सफलता : 24 घंटे में छिनतई कांड का खुलासा, दो आरोपी भेजे गये जेल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना पुलिस ने तत्परता और कुशल अनुसंधान का परिचय देते हुए छिनतई की एक घटना का महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी समेत कई महत्वपूर्ण सामान भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, 14 जून करीब शाम 5:00 बजे दोवाडू निवासी लाहा व्यापारी शिवशंकर दत्ता के साथ हुई छिनतई की घटना के बाद सिल्ली थाना में मामला दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाध्यक्ष सिल्ली के नेतृत्व में पुलिस विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त प्रवीण महतो ग्राम गोमदा थाना राहे और निमाई चंद्र दत्ता ग्राम दोवाडू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 16,500 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक सहित अन्य सामान बरामद किया है। मामले के सफल उद्भेदन में थाना प्रभारी नवीन कुमार की सक्रिय भूमिका और नेतृत्व की सराहना की जा रही है। उनके निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर अल्प समय में घटना का पदार्फाश कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में एसआई रामदेव कुमार यादव, एस आई अमित कुमार दास, अरुण प्रसाद यादव, उदय कुमार सिंह एएसआई युधिष्ठिर महतो सहित सिल्ली थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को दिया जा रहा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण : बीरेन्द्र प्रसाद साहू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान द्वारा स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना स्थित फुटबॉल मैदान, सिकिदिरी में उच्चस्तरीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों और पेशेवर खेल कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट, तथा झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं संस्थान के मुख्य एथलेटिक्स प्रशिक्षक बीरेंद्र प्रसाद साहू कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को दौड़, फिटनेस, स्टैमिना, तकनीकी कौशल और प्रतियोगी मानसिकता विकसित करने के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस अवसर पर बीरेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, संसाधन और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की है। उन्होंने बताया कि जनकल्याण समर्पण संस्थान के माध्यम से क्षेत्र के खिलाड़ियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक खिलाड़ी उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में झारखंड और देश का नाम रोशन करें। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि संस्था पिछले छह महीनों से मेगा ट्रेनिंग कैंप के माध्यम से तैराकी और फुटबॉल का नियमित प्रशिक्षण संचालित कर रही है। अब अंतरराष्ट्रीय एथलीट बीरेंद्र प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में एथलेटिक्स प्रशिक्षण की भी शुरूआत कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बहुआयामी खेल प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच उपलब्ध कराना और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। इसी लक्ष्य को लेकर संस्था निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने की अपील करते हुए कहा कि खेल न केवल बेहतर करियर का अवसर प्रदान करता है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के उत्साह और सहभागिता को देखते हुए संस्था भविष्य में और भी खेल गतिविधियों तथा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बना रही है। इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर फुटबॉल टीम के मेंटर नीतीश कुमार, कोच विवेक बेदिया, सोशल मीडिया एवं आईटी प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, विनय यादव, कश्मीर मरांडी सहित अनेक खिलाड़ी, अभिभावक और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## एला एंगलाइज स्कूल में 16 दिवसीय ऑनलाइन वैदिक गणित समर कैम्प सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** एला एंगलाइज विद्यालय में बुधवार को 16 दिवसीय ऑनलाइन वैदिक गणित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। इस शिविर का संचालन अभिषेक द्वारा किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी गणनात्मक क्षमता का विकास करना था। इस शिविर में कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को वैदिक गणित की विभिन्न सरल एवं प्रभावी विधियों का प्रशिक्षण दिया गया, जिनकी सहायता से वे गणितीय प्रश्नों को शीघ्रता एवं सटीकता से हल कर सकते हैं। अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि वैदिक गणित भारतीय ज्ञान परंपरा की एक अमूल्य धरोहर है। इस 16 दिवसीय ऑनलाइन ग्रीष्मकालीन शिविर ने विद्यार्थियों को गणित को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से सीखने का अवसर प्रदान किया। वहीं विद्यालय परिवार ने अभिषेक के सफल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## 21 जून से होगा नया साप्ताहिक बाजार का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** रामपुर से विकास रांची रिंग रोड (NH-33) मार्ग के बगल में जैप-2 कैम्पस खत्म होने के बाद पुरब दिशा/ पुराना चतरा गांव स्थित खाता संख्या-226, प्लांट संख्या-1632 को सप्ताहिक बाजार के रूप में विकसित करने चतरा के ग्रामीणों ने लिया निर्णय। गौरतलब है कि उक्त खाता-प्लांट यह जमीन गैरमजरूआ भूमि है जिसका कुल रकबा 1 एकड़ 11 डिसमिल है जिसे भू-माफियाओं द्वारा किसी के नाम बन्दोबस्त दिखा कर जनरल भूमि बताकर बेचने के फिराक में थें लेकिन जमीन बचाने के लिए ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय अनगड़ा से हस्तक्षेप कराकर यह जमीन बिक्री का नहीं है बल्कि गैरमजरूआ भूमि है लिखा बोर्ड लगाया गया था जिसे भू-माफियाओं द्वारा ऊखाड़ फेक दिया गया था और जमीन बचाने निकले ग्रामीणों पर फर्जी केस में फंसाने का प्रयास किया था। फिर भी ग्रामीण हार नहीं मानें और दिनांक 21 जून 2026 दिन रविवार से सप्ताहिक बाजार लगाने की तैयारी कर चुके हैं। जिसकी तैयारी बैठक ग्राम प्रधान शशिकांत पाहन की अध्यक्षता में किया गया। संचालन सुमित कुमार महतो ने किया जबकि चतरा पंचायत के पुर्व मुखिया सोहन मुंडा ने उपस्थित ग्रामीणों को बाजार लगाने से होने वाले फायदे की जानकारी दी। मौके पर बाजार प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया जिसका अध्यक्ष सोहन मुंडा, सचिव सुमित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी, उप-कोषाध्यक्ष रीता कुमारी को बनाया गया साथ ही 21 महिला-पुरुष मिलाकर सदस्य बनाये गये। मौके पर मोतीलाल महतो, सावना महतो, दुबराज पाहन, मित्रा मिर्धा,पंकज उराँव, रासो देवी, संगीता देवी, काला देवी, सुकेल , रोहित, धरमनाथ, मुन्ना सिंह, शोभा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बजरंगबली मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा सह अखंड हरि-कीर्तन का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग के फतेहपुर में मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर का दो दिवसीय 20 वां वर्षगाठ के अवसर पर कलश यात्रा सह पूजा के अलावे 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन हिन्दू समाज परिवार फतेहपुर लापुंग के वैनर तले किया गया। इस कार्यक्रम कलश यात्रा 201 महिलाए व कुंवारी कन्याए भाग लिए। कारो नदी से मंत्रोचरण के साथ मुख्य पुजारी हरिश्चन्द्र दास के द्वारा मंत्रोचरण के साथ ढ़ोल नगड़े के साथ जय श्री रामके नारे के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुरे गांव परिक्रमा करते हुए मस्जिद के रास्ते होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचा जहा मंदिर का परिक्रमा करके कलश को मंदिर में रखे और शर्वत पीकर सभी उपवास तोड़े। पुजारी हरीशचंद्र दास के द्वारा मुख्य यजमान नथूराम साहू सपत्नी पूजा पाठ किए। इस अवसर खीर व लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। खीर का प्रसाद टिंकू पैसाद गोबिंदपुर के द्वारा सहयोग किया गया। शाम में हनुमान जी की महाआरती के साथ के उपरांत खिचड़ी का भंडारा का आयोजन किया गया इस में सैंकड़ो लोग भंडारा का उठाया। विहिप खूंटी जिला समरसता प्रमुख वीरेंद्र सोनी ने हनुमान मंदिर में माथा टेक आशीर्वाद लिया.इस अवसर पर लारता, जरियागढ़ रेहरगाड़ा रामा साहू ग्रुप, दशा टोली नवाटोली की कीर्तन मंडली ने अपने हरे राम हरे कृष्णा के संकीर्तन से लोगो का मन मोह लिया।

## समाजसेवा के उत्कृष्ट योगदान के लिए राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल हुए सम्मानित

■ केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अंगवस्त्र, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रांची के सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिष्ठित समाजसेवी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रांची के कांके रोड स्थित भुवालका हाउस में आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी एवं व्यवसायी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान एवं मानव सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल को अंगवस्त्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा स्मृति-चिन्ह एवं विशेष पुस्तिका भेंट कर उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले समाजसेवी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान करना न केवल उनके कार्यों का गौरव बढ़ाता है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सेवा एवं समर्पण के लिए प्रेरित करता है। ज्ञात हो कि राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं मानवीय सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं। वे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट तथा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के माध्यम से निराश्रित, दिव्यांग, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## 27 लाख रुपये ठगी मामले के फरार आरोपी के घर इश्तिहार चस्पा, ढोल बजा कर दी गयी न्यायालय की सूचना



**रातू :** 27 लाख रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे आरोपी संजीव कुमार गुप्ता के विरुद्ध माननीय न्यायालय के आदेश पर कांड के अनुसंधान करता एसआई विशेश्वर कुमार ने इश्तहार चस्पा किया. रातू थाना कांड संख्या 303/24, दिनांक 12 सितंबर 2024 के तहत दर्ज मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई। रातू पुलिस ने लातेहार पुलिस के सहयोग से जुबली चौक, लातेहार स्थित आरोपी संजीव कुमार गुप्ता, पिता राम कैलाश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर ढोल बजाकर न्यायालय का इश्तहार चिपकाया। इस दौरान स्थानीय लोगों को न्यायालय के आदेश की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने आरोपी को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित होने की चेतावनी दी है। निर्धारित समय में आत्मसमर्पण नहीं करने पर आरोपी के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सिल्ली में आजसू की बैठक सम्पन्न

# धनबाद में स्थापना दिवस सह जनाक्रोश मार्च की तैयारी तेज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** आजसू पार्टी के सिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय में बुधवार को केन्द्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री Sudesh Kumar Mahto मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में आगामी 22 जून को धनबाद में आयोजित होने वाले स्थापना दिवस सह जनाक्रोश मार्च को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्थापना दिवस सह जनाक्रोश मार्च के माध्यम से जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय एवं पंचायत प्रभारियों तथा जोन पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराने और बड़ी संख्या में कार्यकताओं को धनबाद पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही जनसंपर्क अभियान को और तेज करने की जिम्मेदारी भी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सौंपी। बैठक को केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहु, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, लक्ष्मी नारायण महतो, विजय चंद्र महतो, जोन्हा जोन अध्यक्ष पूर्व सैनिक अशोक एक्का, भानुमती तंतुबाई, रीता महली एवं अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाइक ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन त्रिलोचन महतो ने किया। बैठक में डबलु महली, शिव शंकर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, ज्योति कुमारी, दीपा कुमारी, उर्मिला देवी, शेखा देवी, मामुनि देवी, नान्हू महतो, शशि सनार, धीरेन महतो, गणेश महतो सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में योग का आयोजन, योग के लाभ से परिचित हुए छात्र और शिक्षक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल में बुधवार को योग का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पखवारा के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों में योग के महत्व का प्रसार करने के लिए बुधवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन रांची से पहुंचीं मुख्य योग प्रशिक्षक इंडियन योगिनी एसोशिएशन की अध्यक्ष डॉ आरएच लता, डॉ प्रिया मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना कुमारी, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अर्चना कुमारी और उनकी सहयोगी राखी वर्मा, पूजा चंद्रा ने शिक्षकों और बच्चों को योग के विभिन्न आसनों कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, बालासन, ताड़ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की जानकारी दी। योग से होनेवाले लाभ के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अर्चना कुमारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण का एक समग्र मार्ग है। यह सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। मन की अशुद्धता को बाहर निकाल कर व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। जिससे जीवन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहती है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज हर व्यक्ति कहीं न कहीं दोषपूर्ण जीवनशैली में जीने लगा है। जिसका उनके शरीर और मन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोग बीमारी की गिरफ्त में आने लगे हैं। ऐसे में योग हमें खुद को स्वस्थ रखने में सबसे कारगर साधन साबित हो सकता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए योग का असंख्य लाभ है। जिसके कारण योग ने पूरी दुनिया में अपार लोकप्रियता हासिल की है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और आंतरिक शांति की भावना को बढ़ाने में भी मदद करता है। खेल प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि योग से आत्मविश्वास, ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। शारीरिक लचीलापन आने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाने में योग बेहद कारगर है। इससे तनाव व नकारात्मक व्यवहार दूर होता है। योग से शारीरिक संतुलन के साथ अच्छी नींद आती है। शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने, शांत एवं रिलैक्स रहने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर करुणा राजगढ़िया, नरेंद्र सिंह, राशि सिन्हा, सोनम खातून, प्रोन्नति मुखर्जी, उषा कुमारी का योगदान रहा।

## मृतक के परिवार को ढाई माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** वज्रपात से जान गवाने वाले पीड़ित परिवार को ढाई महीने बीत जाने के बाद भी सरकारी मुआवजा नहीं मिला है। ज्ञात हो कि बेड़ो प्रखंड के रोगाडीह पतरा टोली गांव निवासी युवक संजय उरांव की वज्रपात से मौत हो गई थी। जिसके बाद आपदा प्रबंधन के तहत दिए जाने वाले मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को नहीं मिलने से उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने प्रखंड व जिला प्रशासन से शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव और पारसनाथ ने बताया कि पिछले 31 मार्च को बिशु शिकार के समापन के दिन बेड़ो और लापुंग थाना के सीमावर्ती क्षेत्र घघारी मेला टांड़ में वज्रपात की चपेट में आने से 18 वर्षीय सजंय उरांव पिता विशु उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं संजय के माता व पिता मजदूरी का काम करते है। परिवार में बेटे की असामयिक मौत से स्वजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्वजनों का कहना है कि ढाई महीने बीत जाने के बावजूद अब तक पीड़ित परिवार को आपदा राहत मद से मिलने वाली मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

## एक झलक

### संजय सेठ ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा के भाई शिवा से की मुलाकात



**रांची** : केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने AIIMS नयी दिल्ली के JPN एपेक्स ट्रॉमा सेन्टर का दौरा किया और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा के भाई शिवा से मुलाकात की, जिनका वहां इलाज चल रहा है। एक गम्भीर दुर्घटना और रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण शिवा पिछले चार वर्षों से बिस्तर पर हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए, माननीय मंत्री ने बेहतर इलाज के लिए AIIMS में उनके भर्ती होने की व्यवस्था की थी। दौरे के दौरान, उन्होंने शिवा और उनके परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उनकी सेहत व सुधार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने AIIMS नई दिल्ली के JPN एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख और ऑर्थोपेडिक्स के प्रोफेसर डॉ. कामरान फारूक से भी मुलाकात की और चल रहे इलाज व रिहैबिलिटेशन प्लान पर चर्चा की। इस दौरे के दौरान पूर्व सांसद (राज्यसभा) अजय मारू भी मौजूद थे।

### राज्यसभा चुनाव में महागठबन्धन की जीत सुनिश्चित, भाजपा को अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं : राकेश सिन्हा

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की जीत का दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस, झामुमो, राजद एवं सहयोगी दलों के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं और अधिकृत उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है। महागठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत है तथा सभी विधायक लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के जनादेश के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सिन्हा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव से पहले अपने ही विधायकों को होटल में ठहराने का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि भाजपा नेतृत्व को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं रह गया है। जो पार्टी लगातार दूसरों पर आरोप लगाती रही है, आज वही अपने विधायकों को एक स्थान पर रखने के लिए मजबूर है। इससे भाजपा की आंतरिक स्थिति और उसके नेतृत्व की असुरक्षा स्पष्ट रूप से सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक भ्रम फैलाने और अनावश्यक चर्चाओं के माध्यम से माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ एकजुट है। भाजपा को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि झारखंड की जनता ने जिस जनादेश के साथ वर्तमान सरकार को चुना है, उसके निर्वाचित प्रतिनिधि किसी दबाव या प्रलोभन में आने वाले नहीं हैं।

### उद्योगों और बैंकिंग सेवाओं के विस्तार को लेकर पंजाब नेशनल बैंक व झारखण्ड चैम्बर के बीच सकारात्मक संवाद



**रांची** : पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अशोक चंद्रा और फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के बीच आज होटल रैडिसन ब्लू में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बैंक के वरीय अधिकारियों एवं चैंबर प्रतिनिधियों ने राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने तथा उद्योग जगत के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्रा ने बैंक की विभिन्न सेवाओं, योजनाओं एवं भावी रणनीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि बैंक का विशेष फोकस एमएसएमई, कृषि, रियल एस्टेट तथा क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास पर है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं को अधिक सरल और प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकता है तथा उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद और सहयोग के माध्यम से झारखण्ड में बैंक की सेवाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति और सेवाओं को लगातार मजबूत कर रहा है तथा उद्यमियों की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

रिनपास में शुरू हुई विश्वस्तरीय डीटीएमएस सुविधा, मानसिक रोगियों को मिलेगा आधुनिक उपचार

# डीटीएमएस मशीन की स्थापना से मरीजों को राहत मिलेगी : डॉ. इरफान

- रोटरी क्लब रांची और सीसीएल के सहयोग से लगी मशीन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रोटरी क्लब ऑफ रांची एवं सीसीएल के सहयोग से रिनपास में मानसिक रोगों के उपचार के लिए प्रोजेक्ट मानस के तहत अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय डीप ट्रांसक्रैनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (डीप टीएमएस) मशीन स्थापित की गई है। दो करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस अत्याधुनिक मशीन का उद्घाटन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में रिनपास में डीटीएमएस मशीन की स्थापना मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने इस पहल के लिए रोटरी क्लब और सीसीएल प्रबंधन का आभार जताया और सीएसआर के माध्यम से स्वास्थ्य और स्थानीय विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों पर कुछ लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं, लेकिन खामियां वहीं निकाली जाती हैं जहां काम होता है। पिछले कई वर्षों तक स्वास्थ्य क्षेत्र में अपेक्षित बदलाव नहीं हुए, लेकिन अब जब सरकार सुधार की दिशा में कदम उठा रही है तो आलोचनाएं भी बढ़ रही हैं। मंत्री ने स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों से कहा कि वे आलोचनाओं से विचलित न हों और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध रहें। कांके के विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि डीटीएमएस मशीन मानसिक रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। डीटीएमएस मशीन के जरिए मस्तिष्क संबंधी कई समस्याओं का उपचार अधिक प्रभावी और कम समय में किया जा सकेगा। अब तक जिन बीमारियों के लिए लंबे समय तक दवाओं का सहारा लेना पड़ता था, उनमें भी इस तकनीक से मरीजों को लाभ मिलने की उम्मीद है। आधुनिक दौर में विभिन्न प्रकार की उन्नत मशीनों और उपकरणों की सहायता से बेहतर इलाज संभव हो रहा है। दुनिया के विकसित देशों में जिस तरह आधुनिक तकनीक के माध्यम से उपचार किया जाता है, अब उसी प्रकार की सुविधा झारखंड के मरीजों को भी मिलेगी। रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि रिनपास में डीटीएमएस मशीन की स्थापना मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाला कदम है। इस तकनीक के माध्यम से अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक रोगों के मरीजों को आधुनिक एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध होगा।

## रांची में UGC-NET जून 2026 परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित UGC-NET जून 2026 परीक्षा का आयोजन रांची के 06 उप-केंद्रों पर किया जाना है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राँची एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों, उनके अभिभावकों अथवा असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़ एकत्र कर विधि-व्यवस्था प्रभावित किए जाने की आशंका को देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है।

जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा–

सरकारी कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों, सरकारी कार्यक्रमों एवं शवयात्रा को छोड़कर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्र होना।

किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर आदि) का उपयोग।

बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि जैसे अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना (सरकारी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को छोड़कर)।

लाठी-डंडा, तीर-धनुष, भाला, गड़ासा आदि पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन या साथ रखना (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)।

---

25वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर (अंडर-15) फिडे रेटिंग शतरंज चैम्पियनशिप-2026 का सफल आयोजन

# विजेताओं को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 25वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर (अंडर-15) फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप-2026 का सफल आयोजन आज सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंडर-15 बालक वर्ग में रांची के आदित्य कुमार झा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 2500 एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। पूर्वी सिंहभूम के अरिजीत घोष 6½ अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे और उन्हें 2000 एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं रांची के आदित्य तन्मय शर्मा ने 6½ अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 1500 एवं ट्रॉफी से सम्मानित हुए। इस वर्ग में रांची के आरव राज मेहता ने 6 अंकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया और 1200 का पुरस्कार जीता, जबकि धनबाद के वेदांत राजेश ने 6 अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल कर 1000 का पुरस्कार प्राप्त किया। अंडर-15 बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की नविएका जायसवाल ने 6 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 2500 एवं ट्रॉफी अपने नाम की। पश्चिमी सिंहभूम की अदिति 5 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं और उन्हें 2000 एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसी जिले की समृद्धि प्रिया ने भी 5 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 1500 एवं ट्रॉफी से सम्मानित हुईं।

## कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले भाजपा खुद को देखे : कांग्रेस

**रांची** : संख्या बल में कम होने के बाद चुनावी मैदान से भागनेवाले और धनपति निर्दलीय को समर्थन देनेवाले नैतिकता की बात ना करें। झारखंड में विधायकों को एक पूंजीपति के हाथ बेचने वाले भाजपा अध्यक्ष के मुंह से राजनीतिक सुचिता और नैतिकता की बातें अच्छी नहीं लगती। भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि आदित्य साहू को यह बताना चाहिए कि दो दिनों से उन्होंने अपने विधायकों को नजरबंद करके क्यों रखा है। कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले उन्हें खुद देखना चाहिए कि उनके राष्ट्रीय नेतृत्व में कितनी छटपटाहट है। पूरे देश में दलों को तोड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी आज झारखंड में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही है।

# झारखंड हाई कोर्ट ने दो शिक्षिकाओं की नियुक्ति को दी मंजूरी

- डीएसई को 30 दिन में आदेश जारी करने के आदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय में दो शिक्षिकाओं की नियुक्ति से जुड़े मामले में न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए प्रार्थी सुचिता शर्मा और अर्चना कुमारी को राहत प्रदान की है। अदालत ने दोनों शिक्षिकाओं की याचिका स्वीकार करते हुए डोरंडा गर्ल्स मिडिल स्कूल को निर्देश दिया कि उन्हें उनकी नियुक्ति पत्र के अनुसार 12 मई 2023 और 17 मई 2023 की जॉइनिंग तिथि से विद्यालय में कार्य करने की अनुमति दी जाए। साथ ही अदालत ने रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को आदेश दिया कि वह 30 दिनों के भीतर उनकी नियुक्ति की औपचारिक स्वीकृति जारी करें। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी नियुक्ति 17 मई 2023 से काल्पनिक रूप से मानी जाएगी तथा उन्हें सभी परिणामी सेवा लाभ दिए जाएंगे, हालांकि पिछला वेतन देय नहीं होगा। मामले में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखा। दरअसल, दोनों शिक्षिकाओं की नियुक्ति 12 मई 2023 को हुई थी और उन्होंने 17 मई 2023 को विद्यालय में योगदान भी दे दिया था। बाद में जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई), रांची ने 30 मई 2024 के आदेश (मेमो संख्या 1880) के माध्यम से उनकी नियुक्ति की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया था, जिसे प्रार्थियों ने झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अदालत ने पाया कि दोनों शिक्षिकाओं के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं मौजूद थीं और नियुक्ति प्रक्रिया में उनकी ओर से कोई त्रुटि नहीं थी। अदालत ने टिप्पणी की कि जब उन्होंने योगदान दे दिया था, तो प्रशासनिक स्तर पर स्वीकृति न देना उचित नहीं था।

---

## जेडआरयूसीसी की बैठक-झारखंड को उसकी आवश्यकता के अनुरूप रेल सुविधाएं मिलनी चाहिए : अरुण जोशी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दक्षिण पूर्व रेलवे की जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की कोलकाता में आयोजित बैठक में जेडआरयूसीसी के सदस्य अरुण जोशी ने शामिल होकर झारखंड के रेल यात्रियों की वर्षों से लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने राज्य की दक्षिण, पश्चिम एवं उत्तर भारत से बेहतर रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, नई ट्रेनों के परिचालन, ट्रेनों के विस्तार, यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा रेल इंफ्रा को मजबूत करने के लिए रेलवे बोर्ड से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। बैठक में रांची-रामेश्वरम, रांची-सूरत/अहमदाबाद, रांची-योग नगरी ऋषिकेश, रांची-पुणे (हडपसर), रांची-रायपुर वंदे भारत, हटिया-बड़बिल फास्ट मेमू, हटिया-रटश्ळ बेंगलुरु सुपरफास्ट तथा हटिया-सिकंदराबाद समर स्पेशल जैसी नई ट्रेनों के संचालन की मांग रखी गई। साथ ही रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में चार दिनों के बजाय प्रतिदिन संचालित करने तथा इसकी समय-सारणी में सुधार कर दिल्ली सुबह जल्दी पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# डालसा का सामान्य योग प्रोटोकॉल अभ्यास पर रिहर्सल कार्यक्रम 18 व 19 को




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के पहल पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं आर्ट ऑफ लिविंग, झारखण्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर तीन दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल अभ्यास कांफ्रेश हॉल, 40 कोर्ट्स बिल्डिंग, व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुमारी रंजना अस्थाना, सदस्य सचिव, झालसा तथा विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार मिश्रा, न्यायायुक्त रांची होंगे। इस अवसर पर न्यायायुक्त, रांची, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय, रांची के सभी अपर न्यायायुक्त एवं न्यायिक दण्डाधिकारी तथा व्यवहार न्यायालय, रांची के कर्मचारी सामान्य योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। योगाभ्यास कार्यक्रम दिनांक 18 एवं 19 जून को सुबह 7.00 बजे से 8.00 बजे तक चलेगा तथा दिनांक 21 जून को 7:30 से 8:30 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम मध्यस्थ एवं प्रषिक्षक पंचानन सिंह के द्वारा कराया जायेगा। इस योगाभ्यास षिविर की विशेषता यह है कि झारखण्ड के सभी जेलों के बंदी तथा संप्रेषण गृह एवं वृद्धाश्रम में रहनेवाले व्यक्तियों के लिए यह योगाभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इस योगाभ्यास में वर्चुअल माध्यम से लगभग 25 हजार लोग एक साथ योगाभ्यास करेंगे। डालसा सचिव ने कहा कि झालसा के निर्देश पर डालसा रांची के द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

## रांची नगर निगम का 'अतिक्रमण हटाओ' अभियान जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा आज विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हरमू नदी पुल (लाह कोठी), हरमू बाजार मार्ग, सर्कुलर रोड के आसपास एवं अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। हरमू नदी पुल एवं हरमू बाजार मार्ग में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे निर्माण किए हुए अवैध दुकानों एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया तथा दो ठेलों को भी जब्त किया गया। वहीं, सर्कुलर रोड के आस-पास एवं वर्धमान कंपाउंड क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बांस-बल्ली से निर्मित अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए तीन ठेलों को भी जब्त किया गया। रांची नगर निगम ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी है। निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सड़कों, नालियों एवं अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

---

# रांची सिटीजन फोरम का वार्ड पार्षदों से मुलाकात अभियान शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 16.06.2026 से रांची सिटीजन फोरम अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रांची नगर निगम के कुल 53 वार्ड क्षेत्र अंतर्गत सभी 53 नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से मुलाकात के क्रम में अब तक वार्ड 1 के नकुल तिर्की, वार्ड 2 की सविता कच्छप, वार्ड 3 की बसंती लकड़ा, वार्ड 5 के अवधेश बैठा, वार्ड 7 की मीनू देवी, वार्ड 10 की संगीता देवी, वार्ड 11 की आलिया नाज, वार्ड 15 की गजाला परवीन, वार्ड 16 के मोहम्मद सलाहुद्दीन असलम, वार्ड 17 की फातमा शमीम, वार्ड 20 के सुनील कुमार यादव, वार्ड 21 के मोहम्मद एहतेशाम, वार्ड 22 के मोहम्मद असलम, और वार्ड 25 की सुषमा राज, वार्ड 29 के सुनील यादव से मुलाकात कर उनको अंगवस्त्र देकर उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए उनको उनके वार्ड से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर एक ज्ञापन दिया, जिसमें मुख्य रूप से अभी बरसात के मौसम में रांची शहरी क्षेत्र में होने वाले जल जमाव पर विस्तृत चर्चा की गई, और इस क्रम में आग्रह किया गया कि आप लोग अपने-अपने वार्ड में जल निकासी के स्त्रोतों को चिन्हित करवाते हुए उन्हें क्लियर करवायें और अगर वहां अतिक्रमण है तो उस अतिक्रमण को कम से कम इतना हटवा दें कि जल निकास आसानी से हो सके, क्योंकि आज से 15-20 वर्ष पहले रांची में जल जमाव नहीं होता था और वर्षा आज की तुलना में अधिक होती थी तथा करीब-करीब प्रतिदिन ही वर्षा हो जाया करती थी गर्मी और बरसात के मौसम में, लोगों को अपने साथ छाता लेकर निकलना पड़ता था और रांची शहरी क्षेत्र में कहीं पर भी कोई जल जमाव नहीं होता था, लेकिन अब जब बरसात कम हो गई है तो उसके बाद भी इधर 15-20 वर्षों में जल जमाव की स्थिति प्रचंड होते जा रही है, क्योंकि जल निकासी के पुराने मार्ग अवरुद्ध हैं और कई जगह अतिक्रमण के कारण निकासी मार्ग बंद हो चुके हैं, जिससे वर्तमान समय में जल जमाव हो रहा है।

## निम्बस आईटीईएस ने शौंडिक फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का किया सफल आयोजन



**रांची** : सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निम्बस आईटीईएस द्वारा शौंडिक फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर निम्बस आईटीईएस, चौथी मंजिल, मॉल डेकोर, लालपुर चौक, रांची में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के उप महापौर नीरज कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने निम्बस आईटीईएस द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह एक उत्कृष्ट उरफ गतिविधि है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है।

## आरएसएस प्रांत कार्यालय पर बमबारी की घटना अत्यंत गम्भीर, एनआईए से जांच करायी जाये : संजय सेठ

- संघ कार्यालय पर हमला चिन्तनीय, सुरक्षा सुनिश्चित कर, दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत मुख्यालय, रांची पर देर रात हुई बमबारी की घटना को सुनियोजित साजिश करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संगठन पर हमला नहीं, बल्कि राज्य की कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को चुनौती देने का गंभीर प्रयास है। श्री सेठ ने कहा कि ईश्वर की कृपा रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस प्रकार की घटना अत्यंत चिंताजनक है। सीसीटीवी फुटेज में पूरी वारदात स्पष्ट दिखाई दे रही है, जिससे अपराधियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर 24 घंटे के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही संघ कार्यालय की सुरक्षा तत्काल सुदृढ़ करने को भी कहा है। श्री सेठ ने इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह घटना किसी बड़े षड्यंत्र और संगठित आपराधिक अथवा राष्ट्रविरोधी गतिविधि का हिस्सा प्रतीत होती है।

---

संघ लोक सेवा आयोग की आयोजित इंजीनियरिंग सर्विस मुख्य परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु में कुल 74 परीक्षार्थी होंगे शामिल

- परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी पदाधिकारी अलर्ट मोड में काम करेंगे, किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : प्रमंडलीय आयुक्त, मनोज कुमार की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सर्विस मुख्य परीक्षा परीक्षा 21जून 2026 की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में निर्धारित तिथि पर होने वाले परीक्षाओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को उनके दिए गए कार्यों से अवगत कराया गया। बैठक में आयुक्त ने परीक्षा केंद्र पर पेयजल, बिजली, बैठक व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। परीक्षा दो पाली में निर्धारित है। सुबह 9.00 बजे से 12.00 बजे और दूसरी पाली 2.30 बजे शाम 5.30 बजे तक होगा। आयुक्त ने कहा कि उक्त परीक्षा केंद्र पर दिनांक 20 एवं 21 जून 2026 को किसी भी प्रकार के अन्य कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने एवं समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य आवश्यक कागजातों को जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

सभी परीक्षा उप केंद्रों पर विधि व्यवस्था संधारणार्थ एवं स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ एक चार का पुलिस बल एवं एक अलग पुलिस दल जिसमें तीन पुरुष एवं दो महिला अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त रहेंगे, जो परीक्षार्थियों के केंद्र में अंदर जाने के समय मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग सुनिश्चित करेंगे। संबंधित सहायक समन्वयी पर्यवेक्षक एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी परीक्षा की तिथि से पूर्व ही अनिवार्य रूप से आपस में संपर्क स्थापित कर लें ताकि परीक्षा की तिथि के दिन किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरिक्षी पदाधिकारी परीक्षा से 1 दिन पूर्व ही परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा समाप्ति के उपरांत संबंधित स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी परीक्षा से संबंधित उपस्थित विवरणी, जैमर अधिष्ठापन संबंधित प्रपत्र एवं निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यरत नियंत्रण कक्ष को जमा करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड से पहचान पत्र का मिलन अवश्य करेंगे। ध्यान रहें परीक्षार्थी के पास किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ना हो। सभी यूपीएससी के गाइडलाइन का सख्ती से पालन करेंगे। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करेंगे। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सार्जेन्ट मेजर, प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी, कॉलेज एवं विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

## यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड ने 'एक्सीलेंस अवार्ड समारोह' आयोजित करने का लिया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया झारखंड राज्य शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें आगामी 'एक्सीलेंस अवार्ड समारोह' के आयोजन का निर्णय लिया गया।यह अवार्ड प्रति दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित किया जाता है। बैठक में यह तय किया गया कि दिनांक 02 जुलाई 2026 को रांची विश्वविद्यालय परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में इस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा, युवा विकास, पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति तथा अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में समारोह की रूपरेखा, अतिथियों को आमंत्रित करने तथा आयोजन की विभिन्न तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड के माननीय राज्यपाल महोदय को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में झारखंड राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, शिवेंद्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य एवं उदय साहू उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह समारोह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ-साथ युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## एक झलक

### भीषण सड़क हादसा, पांच भारी वाहन आपस में टकराये

**चौपारण** : राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर स्थित मौत की घाटी के नाम से चर्चित दनुआ घाटी में बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जोड़ीरही पुल के समीप चार ट्रेलर और एक ट्रक आपस में टकरा गये, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना जोरदार था कि एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घाटी क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। इसी दौरान एक के बाद एक भारी वाहनों के टकराने से दुर्घटना हुई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़े तथा राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही चौपारण थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची।
दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने तथा यातायात व्यवस्था बहाल करने के लिए अभियान चलाया गया। हादसे के कारण कुछ समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।
गौरतलब है कि दनुआ घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर यह क्षेत्र एक बार फिर चर्चा में है। तीखे मोड़, लंबी ढलान और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने घाटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### पीएम आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**चरही/हजारीबाग** : चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत सचिवालय के सभा कक्ष में कार्यालय के ज्ञापं-क-402 दिनांक 05/06/2026 पत्र के आलोक में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्लस 2014 ( 2.0 ) तहत सर्वेक्षित लाभुकों को पीडब्ल्यूएल सत्यापन एवं अनुमोदन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सह मुखिया सं झली मुर्मू ने की। जबकि संचालन पंचायत सचिव सचिन कुमार ने किया। मौके पर मुखिया संझली मुर्मू, पंसस आशा देवी, वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नारायण सिंह, शशि कुमार महतो, रानी चंपा गुप्ता, बबली महतो, सविता देवी, संगीता देवी, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, मेघनाथ करमाली, जवाहिर करमाली, कुलेश्वर महतो, उषा देवी, शांति देवी, वनिता देवी, भुवनेश्वर प्रजापति, जितनी देवी, गंगा देवी, मुनिया देवी, मुन्दरी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि, कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### निगमकर्मियों की मौत पर मिलेगा 1.20 लाख रुपये का सहयोग

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में निगम कर्मियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिन पर बाद में बोर्ड की बैठक में भी मुहर लगा दी गई। बैठक में तय किया गया कि हजारीबाग नगर निगम के किसी भी कर्मी की सेवा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर उसके परिजनों को निगम की ओर से 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। वहीं अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 10 हजार रुपये उपलब्ध कराए जायेंगे।
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी कर्मी के कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल होने पर उसे 60 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। निगम प्रशासन ने कहा कि वर्ष 2022 में भी कर्मियों को इसी प्रकार सहयोग प्रदान किया गया था और भविष्य में भी नगर निगम अपने कर्मचारियों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने के संकल्प को दोहराता है। बैठक में शहर की साफ-सफाई एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी कई अहम निर्णय लिए गए। नगर क्षेत्र में सूख चुके एवं खतरनाक पेड़ों की पहचान कर उनकी कटाई कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने तथा इसके लिए अलग से टीम गठित करने पर सहमति बनी। कर्मियों की कार्यप्रणाली की निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए वार्डवार उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया।

# बंदखारो पावर सब स्टेशन चालू कराने की उठी मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित बंदखारो पावर सबस्टेशन पिछले आठ वर्षों से चालू होने की प्रतीक्षा कर रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद तकनीकी और विभागीय उदासीनता के कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना अब तक धरातल पर लोगों को लाभ नहीं पहुंचा सकी है। इससे क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का सपना अधूरा बना हुआ है। विष्णुगढ़ प्रखंड के बंदखारो गांव में निर्मित 33/11 केवीए पावर सबस्टेशन को शीघ्र चालू कराने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा), हजारीबाग के



मनोनीत सदस्य भुवनेश्वर पटेल ने विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, हजारीबाग के महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। भुवनेश्वर पटेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बंदखारो में पावर सबस्टेशन का निर्माण लगभग आठ वर्ष पूर्व ही पूरा कर लिया गया था। लेकिन आज तक 33 केवी विद्युत लाइन के लिए आवश्यक तार उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण सबस्टेशन को मुख्य विद्युत नेटवर्क से नहीं जोड़ा जा सका है। परिणामस्वरूप करोड़ों की लागत से बनी यह परियोजना वर्षों से बेकार पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सबस्टेशन चालू हो जाता है तो विष्णुगढ़ प्रखंड के अनेक गांवों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। साथ ही बार-बार होने वाली बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। इसका लाभ घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा किसानों, छोटे व्यवसायियों और स्थानीय उद्योगों को भी मिलेगा। भुवनेश्वर पटेल ने विभाग से अविलंब 33 केवी लाइन के लिए आवश्यक तार उपलब्ध कराकर सबस्टेशन को चालू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता वर्षों से इस परियोजना के शुरू होने का इंतजार कर रही है और अब इसमें और देरी जनहित के साथ न्याय नहीं होगा। क्षेत्रवासियों ने भी विभाग से जल्द पहल करने की मांग करते हुए कहा है कि जब भवन और अन्य आधारभूत संरचनाएं वर्षों पहले तैयार हो चुकी हैं, तो केवल तार के अभाव में परियोजना का ठप रहना प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है। लोगों को उम्मीद है कि विभाग इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठायेगा और बंदखारो पावर सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति शुरू कर क्षेत्र को राहत प्रदान करेगा।

## मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई, स्थानीय कारोबारियों में हड़कम्प

# 18 लाख की कीमत का अवैध डोडा बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर बरही थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डस्ट लदा ट्रक से लगभग 18 लाख के कीमत का अवैध डोडा बरामद किया। इस कर्रवाई से स्थानीय अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई सीसीआर डीएसपी अरमान के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब की ओर जा रहे ट्रक संख्या पीबी13 बीटी 2043 में मादक पदार्थ की बड़ी खेप ले जाई जा रही है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने गया रोड बायपास के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर गहन तलाशी ली गई। तलाशी में ट्रक के अंदर डस्ट यानी धूल के बीच छिपाकर रखे गए दर्जनों बोरों से भारी मात्रा में डोडा बरामद हुआ।

**कार्रवाई में शामिल टीम**

इंस्पेक्टर बिनोद कुमार, रूपलाल यादव, राजबल्लभ यादव, सुमित कुमार समेत थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक-खलासी से पूछताछ की जा रही है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस तस्करी के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। बरही पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप है।

### बुद्धिजीवी मंच एवं पेंशनर कल्याण समाज ने स्व. रामचंद्र पांडे को दी श्रद्धांजलि

**बरही** : बुद्धजीवी मंच एवं पेंशनर कल्याण समाज ने मंच के उपाध्यक्ष रामचंद्र पांडे के दुर्घटना में हुई मौत पर शोकसभा का आयोजन किया और श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता ईशो सिंह और संचालन महेंद्र दुबे ने किया। मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह और सचिव महेंद्र दुबे ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व रामचंद्र पांडे बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष और पेंशनर कल्याण समाज के सदस्य थे। उनके निधन से मंच और पेंशनर समाज ने अपना सच्चा साथी खो दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में कामेश्वर सिंह, रामप्रसाद राम, नकुलदेव राणा, कैलाशपति सिंह, सरयु राम, जानकी ठाकुर, साधुशरण दास, कैलाश प्रसाद, कामता सिंह, रामेश्वर महतो, रामलखन दास, श्रीकांत पांडे, कृष्णा कुमार गुप्ता शामिल थे।

## दैहर के पासी टोला में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों ने बीडीओ से लगायी गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखंड के दैहर गांव स्थित पासी टोला में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मुलाकात कर अविलंब पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले



बोरिंग के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती थी, जिसमें मशीन लगी हुई थी। किसी कारणवश आपूर्ति व्यवस्था बंद हो जाने से पूरे टोले के लोगों को जल संकट झेलना पड़ रहा है। लोगों ने पुरानी जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः चालू करने के साथ-साथ नये चापाकल की बोरिंग कराने की मांग भी प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब तक लोगों को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर पेयजल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

### तीन दिवसीय 1008 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह पीपल विवाह महोत्सव शुरू

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग भास्कर धाम सूर्य मंदिर प्रांगण में बुधवार से तीन दिवसीय 1008 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह पीपल विवाह महोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा से हुई। इस कलश यात्रा में 101 युवतियां एवं महिलाओं ने अपने माथे पर कलश लेकर जमुनिया नदी से जल लेकर सूर्य मंदिर भास्कर धाम से प्रारंभ करोंज मोड़, आनंद राम के आवास होते हुए अखाड़ा चौक, विष्णु मेडिकल होकर श्री चन्द साव के घर से गुजरते हुए प्रदीप कुमार स्वर्णकार के आवास होते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंचकर समापन किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के पूर्व यज्ञ कर्ता आनंद राम एवं उनकी धर्मपत्नी रामरती देवी ने भूमि पूजन कर यज्ञ के लिए समस्त देवी-देवताओं का आह्वान किया।

## 16 जुलाई को विदेशी भक्तों का भक्ति कार्यक्रम होगा मुख्य आकर्षण

# जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : आगामी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर प्रबंधन समिति की ओर से होटल चेतना पैलेस में प्रेसवार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि 16 जुलाई को आयोजित होने वाली रथयात्रा के दिन विदेशी भक्तों द्वारा विशेष भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। वहीं 17 जुलाई को क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना



के साथ महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। आयोजकों ने कहा कि जगन्नाथ रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई। प्रेसवार्ता के दौरान आयोजकों ने बताया कि 16 जुलाई को गुरुवार होने के कारण बिगहा में वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक बाजार में हजारों लोगों की भीड़ जुटती है। वहीं रथयात्रा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में एक ही दिन दो बड़े आयोजनों के कारण भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा बनाये रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। समिति ने प्रशासन से अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण तथा अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही आमजन एवं दुकानदारों से अपील की गई कि 16 जुलाई को रथयात्रा मार्ग एवं सड़क किनारे बाजार न लगाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## लखपति किसान राजेंद्र टुडू को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**चरही/हजारीबाग** : चुरचू प्रखंड के नगड़ी गांव में प्रगतिशील एवं लखपति किसान राजेंद्र टुडू को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित झारखंड कृषि व्यापार मेला में झारखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा अन्य किसानों और युवाओं को प्रेरित करने के लिए प्रदान किया गया राजेंद्र टुडू वर्तमान में अपने गांव में पांच पॉलीहाउस का सफल संचालन कर रहे हैं। वे प्रतिवर्ष 20 लाख से अधिक पौधे तैयार कर विभिन्न किसानों एवं बागवानी प्रेमियों को उपलब्ध कराते हैं। उनके यहां पौधे खरीदने के लिए के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचते हैं। उनके पॉलीहाउस में 20 से 25 स्थानीय लोगों को रोजगार मिला हुआ है। पॉलीहाउस व्यवसाय से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 6 से 7 लाख रुपये की आय होती है। इसके अलावा वे सूकर पालन (पिग फार्मिंग) भी करते हैं, जिससे उन्हें सालाना 5 से 6 लाख रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। राजेंद्र टुडू ने आधुनिक खेती एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण पलांडू, डेमोटांड़ तथा आत्मा के माध्यम से प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के दौरान मिली तकनीकी जानकारी को उन्होंने व्यवहार में उतार कर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बने, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। राजेंद्र टुडू की सफलता आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन के लिए सांसद को सौंपा आमंत्रण पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 21 जून को शहर के मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन सभागार में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 6:00 बजे से आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। योग शिविर में बड़ी संख्या में शहरवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल एवं कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद ताजुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध योग शिक्षिका वर्षा डे अपनी टीम के साथ प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराएंगी। योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया जाएगा। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विकास केसरी, विकास तिवारी एवं मोहम्मद ताजुद्दीन को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।

## एक सीट की जीत का आत्मविश्वास या गठबंधन धर्म को खुली चुनौती

# 231 वोटों से जीतने वाले विधायक के तेवर चर्चा में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड की राजनीति में इन दिनों एक बयान ने नई हलचल पैदा कर दी है। जन आक्रोश रैली की तैयारियों के बीच मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कथित तौर पर 'एनडीए-फेनडीए' कहते हुए भविष्य में अकेले चुनाव लड़ने का दावा करते दिखाई दे रहे हैं। इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में सवालों और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोकतंत्र में आत्मविश्वास अच्छी बात है, लेकिन जब वह गठबंधन सहयोगियों को लेकर सार्वजनिक मंचों पर चुनौती के रूप में सामने आए तो बहस स्वाभाविक हो जाती है। खासकर तब, जब संबंधित



दल की स्थिति राज्य की राजनीति में सीमित प्रतिनिधित्व वाली हो।
गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को पूरे झारखंड में केवल एक सीट पर जीत मिली थी और वह सीट मांडू थी। यहां निर्मल महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को महज 231 वोटों के अंतर से हराया था। चुनावी जानकारों का मानना है कि इस जीत में एनडीए के साझा वोट बैंक, भाजपा संगठन की सक्रियता और गठबंधन की रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। यही वजह है कि विधायक के हालिया बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई लोग इसे राजनीतिक आत्मविश्वास बता रहे हैं, तो कई इसे गठबंधन सहयोगियों के योगदान को कमतर आंकने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भी इस बयान को लेकर चर्चा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि गठबंधन की जरूरत नहीं थी, तो फिर चुनावी मैदान में साझा रणनीति और समर्थन का महत्व क्या था? वहीं कुछ लोग इसे आगामी राजनीतिक सौदेबाजी की रणनीति के रूप में भी देख रहे हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि गठबंधन राजनीति केवल सीटों का गणित नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का समीकरण भी होती है।

## कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह ने शुक्रवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल संतोष गंगवार को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा कोनार परियोजना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। मुलाकात के दौरान कोनार परियोजना के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं क्षेत्र की प्रगति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि आपके द्वारा कोनार परियोजना के विकास एवं प्रगति के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों को इतने कम समय में



देखकर मुझे काफी खुशी हो रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दामोदर घाटी निगम के द्वारा राज्य के विकास और रोजगारोन्मुख प्रयास की खूब सराहना की। दुर्भास पर कोनार परियोजना प्रधान ने कहा कि राज्यपाल महोदय के इस अभिभावक तुल्य स्नेह और उत्साहवर्धन के लिए डीवीसी परिवार उनका हमेशा आभारी बना रहेगा।

## आरोग्यम अस्पताल में 21 जून को न्यूरोसर्जन डॉ. विकास कुमार की विशेष ओपीडी

# ब्रेन, स्पाइन व न्यूरो संबंधी जटिल बीमारियों के मरीजों को मिलेगा परामर्श

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में हजारीबाग शहर के प्रसिद्ध आरोग्यम अस्पताल में 21 जून (रविवार) को दोपहर 12 बजे से प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन एवं ब्रेन स्पेशलिस्ट डॉ. विकास कुमार की विशेष ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस दौरान मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस विशेष ओपीडी में ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, स्ट्रोक, स्पाइन डिसऑर्डर, नसों के दबाव से होने वाली समस्याएं, न्यूरोलॉजिकल विकार तथा न्यूरोसर्जरी से संबंधित विभिन्न जटिल




रोगों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा मरीजों की स्थिति के अनुसार आवश्यक उपचार एवं आगे की चिकित्सा प्रक्रिया की सलाह भी दी जाएगी। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य हजारीबाग सहित आसपास के जिलों के लोगों को महानगरों जैसी आधुनिक एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि डॉ. विकास कुमार जैसे अनुभवी न्यूरोसर्जन की सेवाएं मिलने से मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम होगी और समय पर उचित चिकित्सा परामर्श प्राप्त हो सकेगा। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को लंबे समय से मस्तिष्क, नस या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करें। उन्होंने इच्छुक मरीजों से समय पूर्व पंजीकरण कराने की भी अपील की। विशेष ओपीडी में परामर्श के लिए 7319942219 एवं 7319942220 पर संपर्क कर अग्रिम अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है।

### डीवीसी कोनार में रक्तदान महाशिविर का आयोजन

**विष्णुगढ़** : डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी परिसर में बुधवार को कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के दिशा-निर्देश में रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोनार के सीनियर मैनेजर (विद्युत) विशाल यादव ने दीपप्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कोनार डिस्पेंसरी के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 बी. एन. मंडल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है तथा एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में सीएसआर के कार्यपालक सुनील कुमार, मैनेजर (विद्युत) चंदन कुमार, डॉ0 एस. के. अजाज अहमद, सब स्टेशन के दीनानाथ प्रसाद, उच्च विद्यालय के प्राचार्य बी. के. महतो, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक, विवेक करकेटा, नंदलाल साहू, अमन टोप्पो, दिनेश किस्कू एवं चेतलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ब्रह्मर्षि समाज के तपेदार रामदेव सिंह का निधन, श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चय परगना ब्रह्मर्षि समाज के तपेदार (क्षेत्राधिकारी) एवं चौपारण प्रखंड के दैहर निवासी रामदेव सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से पूरे दैहर गांव तथा ब्रह्मर्षि समाज में शोक की लहर है। समाज ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। रामदेव सिंह अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। वे लंबे समय तक जनवितरण प्रणाली (डीलर) के रूप में कार्यरत रहे तथा पूर्व में पोस्ट मास्टर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। सामाजिक और पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में उनकी विशेष पहचान थी। सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके भाइयों में सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व सैनिक सुरेंद्र कुमार सिंह एवं उपेंद्र सिंह शामिल हैं। उनके तीनों पुत्र मुकेश सिंह, रंजन सिंह और संदीप सिंह विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। वहीं उनके दामाद जूनियर कमीशन ऑफिसर प्रमोद सिंह भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके निधन की खबर से परिजन, रिश्तेदार, शुभचिंतक एवं समाज के लोग मर्माहत हैं। बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ब्रह्मर्षि समाज सहित विभिन्न समाजों के सैकड़ों लोग जुटे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। सभा में वक्ताओं ने रामदेव सिंह की सादगी, समाजसेवा, नेतृत्व क्षमता तथा सभी वर्गों के लोगों से उनके मधुर संबंधों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा है और उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जायेगी।

# आपका एक-एक वोट देश के अभूतपूर्व बदलाव का है आधार : मनीष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल बीते दो दिनों से संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सघन प्रवास पर हैं। इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते निरंतर 12 वर्षों के अटूट विश्वास, चहुंमुखी विकास और जनकल्याणकारी नीतियों की उपलब्धियों को समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। दौरे के पहले दिन मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रवास सह तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डेढ़ दर्जन गांवों का भ्रमण कर दर्जनों विशिष्ट जनों और सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों से सीधा और आत्मीय संवाद स्थापित किया। इसी कड़ी में बुधवार को बरही



विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के क्रम में पदमा प्रखंड के बाद बरही प्रखंड के एक दर्जन से अधिक गांवों का सघन दौरा कर उन्होंने जनता से सीधा संपर्क साधा। बरही विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान जब सांसद मनीष जायसवाल का काफिला खोड़ाआहर पंचायत स्थित पांच माइल पहुंचा तो वहां स्थानीय आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में, मांदर की थाप और पारंपरिक गायन-वादन के साथ उनका जोरदार व आत्मीय अभिनंदन किया। इस मौके पर स्थानीय मुखिया अनीता देवी, प्रख्यात समाजसेवी खिरोधर यादव, वार्ड सदस्य पूनम कच्छप, मगदली बाड़ा, सावना बाडा, रोशन टोप्पो, अल्बर्ट एक्का, पीटर टोप्पो और सुनील टोप्पो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई कोई सांसद स्वयं उनके गांव पहुंचे है, जिसके लिए उन्होंने एकस्वर में सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताया। इसके बाद खोड़ाआहर पंचायत के ही जतरा मेला टांड में घने जंगलों के बीच प्रकृति की गोद में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर सांसद मनीष जायसवाल ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भीषण गर्मी से राहत पाते हुए जंगल के वृक्षों के तले एक चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें चोरपहरिया, बंडापहार और लुखमाकोचा टोले के आदिवासी समाज के लोगों की समस्याओं को सांसद मनीष जायसवाल न बैठकर सुना और त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया।

## सांसद ने पदमा प्रखंड का किया सघन दौरा प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद



**पदमा** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के क्रम में पदमा प्रखंड का सघन दौरा किया। बरही विधानसभा क्षेत्र के इस प्रवास कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने पदमा प्रखंड के ग्राम परतन में सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश मेहता के आवासीय परिसर से की। जहां सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के विशिष्टजनों से आत्मीय मुलाकात की। इसके बाद वे ग्राम सूरजपुरा पहुंचे और भाजपा मंडल मंत्री सह विहिप नेता मनोज गुप्ता के आवास पर स्थानीय प्रबुद्धजनों से संवाद किया। सांसद मनीष जायसवाल ग्राम पंचायत रोमी पहुंचे, जहां रोमी पैक्स अध्यक्ष पीरु प्रसाद मेहता के आवासीय परिसर में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं, शुभचिंतकों और विशिष्टजनों संग बैठक कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, प्रमुख वीणा देवी, मुकुंद साव, रंजीत चंद्रवंशी, अजय मेहता, रमेश ठाकुर, नारायण यादव, गुरुदेव गुप्ता, बसंत मेहता, आकाश जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, रामानंद गिरी, कमांडो मेहता, महेंद्र पांडेय, मुनेश्वर मेहता, सीताराम, रमाकांत गिरी और विकास सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांसद से मिले भाजपा जिला संगठन प्रभारी किसुन कुमार दास, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**हजारीबाग** : भाजपा के हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास अपने हजारीबाग प्रवास के दौरान बुधवार को वे सांसद मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित आवास पहुंचे। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जिले में आगामी पार्टी कार्यक्रमों और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जयनारायण मेहता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और सांसद सेवा कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## एक झलक

### केन्दुआडीह में भू-धंसान और गैस रिसाव पर प्रशासन सख्त 23 जून को होगी बैठक

**धनबाद/बाघमारा :** केन्दुआडीह क्षेत्र में लगातार हो रही भू-धंसान और गैस रिसाव की घटनाओं को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा, राहत और समस्या के स्थायी समाधान को लेकर 23 जून 2026 को समाहरणालय सभागार, धनबाद में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की संयुक्त उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-अध्यक्ष करेंगे। बैठक में धनबाद सांसद, झरिया, धनबाद, बाघमारा, सिंदरी, टुंडी और निरसा के विधायक, धनबाद नगर निगम के महापौर, जिला परिषद अध्यक्ष, डीजीएमएस के महानिदेशक, बीसीसीएल के सीएमडी, पीबी एरिया के महाप्रबंधक, जेआरडीए के वरिष्ठ अधिकारी, एसएसपी, डीडीसी, नगर आयुक्त, अंचल अधिकारी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि केन्दुआडीह और आसपास के इलाकों में भूमिगत आग के कारण लगातार जमीन धंसने और जहरीली गैसों के रिसाव की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और लंबे समय से सुरक्षित पुनर्वास की मांग उठती रही है। प्रशासन द्वारा बुलाई गई इस बैठक को प्रभावित परिवारों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि बैठक में राहत, पुनर्वास और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस और व्यावहारिक निर्णय लिए जाएंगे, जिससे वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में सार्थक पहल हो।

### 08 सूत्री मांगों को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कुसुंडा-6 के महाप्रबंधक से की मुलाकात

**धनबाद :** ऐना कोलियरी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी बस्ताकोला मंडल के उपाध्यक्ष कौशल कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कुसुंडा- क्षेत्र संख्या 6 के महाप्रबंधक निखिल त्रिवेदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें क्षेत्र में व्याप्त पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी समस्याओं से अवगत कराते हुए आठ सूत्री मांगपत्र सौंपा। कौशल कुमार वर्मा ने कहा कि ऐना क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन को गंभीर पहल करने की आवश्यकता है। वहीं, महाप्रबंधक निखिल त्रिवेदी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि ऐना क्षेत्र में पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। वार्ता के दौरान भाजपा बस्ताकोला मंडल के संतोष रवानी, संजय दास, चंदन सिन्हा, चिंटू शर्मा, अनूप वर्मा, खगेश राज शर्मा, छोटू राम समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्यसभा सांसद खीरू महतो का हालचाल जानने पहुंचे जदयू व भाजपा नेता

**धनबाद :** जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के दाहिने पैर में मोच आने के बाद चिकित्सकों की सलाह पर वे इन दिनों अपने रामगढ़ जिला स्थित केदला आवास में आराम कर रहे हैं। उनके अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही पार्टी नेताओं और समर्थकों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसी क्रम में जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता तेज बहादुर सिंह केदला स्थित सांसद खीरू महतो के आवास पहुंचे। नेताओं ने उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करते हुए आराम करने की सलाह दी। मौके पर नेताओं ने कहा कि खीरू महतो लंबे समय से जनसेवा और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

---

मातृ वंदना योजना की समीक्षा में उपायुक्त सख्त, लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश

# उत्कृष्ट कार्य करनेवालीं 08 महिला पर्यवेक्षिकाएं सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लंबित आवेदनों, एनपीसीआई अद्यतन, पोषण ट्रैकर, पोषण वाटिका एवं हॉट कुक्ड मील समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों को लंबित आवेदनों और तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने कार्यों में लापरवाही बरतने



वाली संबंधित महिला पर्यवेक्षिकाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्य संस्कृति में सुधार लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित करने पर विशेष जोर देते हुए घोषणा की जिले की सर्वश्रेष्ठ पोषण वाटिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र को 10 हजार रुपये, द्वितीय को 8 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र को 6 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उत्कृष्ट पोषण वाटिका वाले केंद्रों को आगे चलकर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों की महिला पर्यवेक्षिकाओं ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, बिजली, खिड़की और दरवाजों सहित आधारभूत सुविधाओं की कमी की समस्या उठाई। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया। बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आठ महिला पर्यवेक्षिकाओं को टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें बाघमारा की लक्ष्मी कुमारी, बलियापुर की कीर्ति पुष्प, धनबाद की कामिनी कुमारी, गोविंदपुर की प्रेरणा बर्णवाल, झरिया की शकुंतला कुमारी, निरसा की कुमारी शिखा, तोपचांची की रानी सीमा तथा टुंडी की किरण कुमारी शामिल हैं। उपायुक्त ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित जिले के सभी प्रखंडों की महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## 21 जून को धनबाद के सात केन्द्रों पर होगी नीट यूजी-2026 परीक्षा, तैयारियों की समीक्षा में जुटा प्रशासन



**धनबाद :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी)-2026 के पुनः आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) के सदस्यों को सभी परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक व्यवस्थाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा अवधि में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहेगा। जिले में 21 जून को सात परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी-2026 की परीक्षा पुनः आयोजित की जाएगी। इनमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धनबाद नंबर-1, डिग्री कॉलेज आरएसपी-2 जामाडोबा, बीआईटी सिंदरी, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, आईआईटी आईएसएम, एसएसएलएनटी कॉलेज धनबाद तथा आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर शामिल हैं। सामान्य अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक, जबकि दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) परीक्षार्थियों के लिए शाम 6:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## फर्जी किन्नरों की बढ़ती संख्या पर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग, उपायुक्त से मिलीं सुनैना व श्वेता किन्नर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में फर्जी किन्नरों की बढ़ती संख्या को लेकर झारखंड सरकार के किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुनैना सिंह किन्नर तथा धनबाद जिला किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य श्वेता किन्नर ने बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन से मुलाकात कर इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि फर्जी किन्नरों की बढ़ती गतिविधियों से वास्तविक किन्नर समुदाय के अधिकार, सम्मान और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही केंद्र सरकार की गरिमा गृह योजना में वास्तविक किन्नरों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित नहीं होने पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि किन्नर समुदाय के लिए संचालित योजनाओं का संचालन किसी बाहरी संस्था के बजाय समुदाय के लोगों की सहभागिता और नेतृत्व में होना चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके। सुनैना किन्नर और श्वेता किन्नर ने कहा कि समुदाय की समस्याओं, चुनौतियों और आवश्यकताओं को एक किन्नर ही बेहतर ढंग से समझ सकता है। इस पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### माफिया राज के खिलाफ 22 जून को धनबाद में जनाक्रोश मार्च

**चरही :** हजारीबाग आजसू पार्टी परमेश्वर महतो ने हजारीबाग बैठक में सरकार पर हमला बोला और 22 जून को धनबाद में जनाक्रोश मार्च की घोषणा की। युवाओं व महिलाओं को लेकर बड़ी रणनीति पेश की। जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो अध्यक्षता में बैठक रखी गई मंच संचालन विश्वनाथ महतो ने किया आजसू पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष ने कहा है कि आजसू पार्टी का उद्देश्य वोट नहीं बल्कि झारखंड का नवनिर्माण है। झारखंड को सही दिशा देने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। हेमंत सरकार का कोई रोडमैप नहीं है। माफिया राज चल रहा है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इसके खिलाफ 22 जून को धनबाद में आजसू स्थापना दिवस पर जनाक्रोश मार्च का आह्वान किया गया है। आजसू पार्टी की हजारीबाग में आयोजित की गई, जिसमें परमेश्वर महतो ने मार्गदर्शन किया।

माटीगढ़ में महारुद्र महायज्ञ का शुभारम्भ

## 2001 कलशों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** माटीगढ़ शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री 108 महारुद्र महायज्ञ एवं मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 2001 कलशों के साथ निकली कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण देखने को मिला और हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निर्धारित जलाशय तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ जल भरने की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः कलश लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां एवं पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महायज्ञ के प्रथम दिन आचार्यों द्वारा मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, प्रवचन, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक आयोजन होंगे। मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों



में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, पिंटू महथा, मुखिया मंजू देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष लग्नदेव यादव, गौपाल मिश्रा, गौपाल सिंह, सचिन महथा, कन्हाई चौहान, इंदल यादव, धनेश्वर महतो, संत चौहान, अख्तर हवारी, योगी चौहान, टिंकू लाला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## संकल्प एजुकेशन के निदेशक की पुत्री रूपा महतो का जवाहर नवोदय विद्यालय में स्टाफ नर्स पद पर चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** क्षेत्र की प्रतिभाशाली युवती रूपा महतो ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नवोदय विद्यालय समिति, नोएडा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सीधी भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनका चयन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बांका (बिहार) में फीमेल स्टाफ नर्स के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से बाघमारा एवं अंगारपथरा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रूपा महतो अंगारपथरा निवासी संकल्प एजुकेशन के निदेशक एवं जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संकल्प एजुकेशन से प्राप्त की। इसके बाद डीएवी उच्च विद्यालय कतरासगढ़ से मैट्रिक, कतरास कॉलेज से इंटरमीडिएट तथा रांची रिम्स से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल धनबाद में अपनी पहली सेवा दी। इसके बाद बोकारो जनरल अस्पताल और डीवीसी बोकारो थर्मल में भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर रूपा महतो ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, परिश्रम और धैर्य के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल सवार विशाल कुमार सिंह (23 वर्ष) पिता सुरेश सिंह इंदरवा निवासी अपने बहनोई गौतम सिंह पिता रितु सिंह महुआटांड़ निवासी के साथ जा रहे थे। इसी दौरान तिलैया बस्ती के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वैन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में विशाल कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गोविंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ धनबाद पुलिस का विशेष अभियान, 11 चालक पकड़े गये, वाहन जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस द्वारा मंगलवार की रात ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव ने किया। अभियान सीएमआरआई गेट के समीप संचालित किया गया, जिसमें ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। देर रात तक चले अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने वाहनों के कागजातों की जांच के साथ-साथ वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की। इस दौरान 412 से अधिक वाहन



चालकों की जांच की गई। जांच के क्रम में 11 चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त कर लिया गया। ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। ऐसे चालक न केवल अपने जीवन को खतरे में डालते हैं, बल्कि अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार विशेष जांच और जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

## अवैध हथियार रखने के मामले में दोषी को तीन वर्ष की सजा, 20 हजार रुपये का जुर्माना

**धनबाद :** पंचेत ओपी कांड संख्या 150/2025 में अवैध हथियार रखने के मामले में माननीय व्यवहार न्यायालय ने अभियुक्त रौशन यादव को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर कुल 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं चुकाने की स्थिति में नियमानुसार अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ना तथा धारा 26 के तहत भी तीन वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दोनों धाराओं के तहत सुनाई गई सजा के संबंध में न्यायालय के आदेशानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। मामले की जांच पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात रंजन राय ने की थी। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) रुचिका कुमारी ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। पुलिस की सुदृढ़ विवेचना और अभियोजन पक्ष की मजबूत दलीलों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा का आदेश पारित किया। इस फैसले को अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई के मामले में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जोड़ाफाटक गुरुद्वारा में गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर छबील सेवा आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जोड़ाफाटक स्थित गुरुद्वारा में बुधवार को सिखों के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी के 420वें शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छबील सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान संगत ने गुरुजी के बलिदान, त्याग और मानवता के प्रति उनके संदेश को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगत के सदस्यों ने राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के बीच ठंडा शरबत वितरित किया। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, सेवा और सहिष्णुता का संदेश दिया था, जिसे आज भी समाज अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का श्रवण किया तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। छबील सेवा देर शाम तक जारी रही।

### जनता दरबार में दिव्यांग छात्रा को मिली नयी उम्मीद तत्काल उपलब्ध करायी गयी डिजिटल हियरिंग ऐड मशीन



**धनबाद :** जिला प्रशासन की त्वरित और संवेदनशील पहल से एक श्रवण बाधित छात्रा को नई उम्मीद मिली है। मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के जनता दरबार में धनसार के चांदमारी निवासी सुधीर कुमार विश्वकर्मा ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री समृद्धि कुमारी के लिए सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि समृद्धि बचपन से ही श्रवण बाधित है और तमाम कठिनाइयों के बावजूद वर्तमान में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत है। सुधीर कुमार विश्वकर्मा ने उपायुक्त को बताया कि वेलोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) में चिकित्सकीय जांच के बाद डॉक्टरों ने समृद्धि को डिजिटल हियरिंग ऐड लगाने की सलाह दी थी। लेकिन दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले पिता की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे महंगी मशीन खरीद सकें। इसके कारण समृद्धि को पढ़ाई के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने तत्काल जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप को आवश्यक निर्देश दिए। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद छात्रा को तुरंत डिजिटल हियरिंग ऐड मशीन उपलब्ध करा दी गई। मशीन मिलने के बाद समृद्धि और उसके पिता ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

तीन दिवसीय शिक्षकों की कार्यशाला सम्पन्न

## आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर दिया गया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** डीएवी झारखंड प्रक्षेत्र-बी के अंतर्गत कोयलानगर, सीएफआरआई डिगवाडीह और जामाडोबा में सीएई डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षकों की कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गई। कार्यशाला में डीएवी कोयलानगर, सीएफआरआई डिगवाडीह, जामाडोबा, कुसुंडा, अलकुशा, मुनीडीह, लोदना तथा बरोरा के प्री-प्राइमरी से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक के सभी विषयों के 470 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रशिक्षकों और समन्वयकों ने भाग लिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप समग्र विकास, कौशल आधारित शिक्षा, आलोचनात्मक सोच, अनुभवात्मक शिक्षण, बहुभाषावाद तथा योग्यता आधारित मूल्यांकन पर विशेष बल दिया गया। रटने की परंपरा से



हटकर विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएवी कोयलानगर की प्राचार्या डी.सी. बनर्जी ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। क्लस्टर हेड इंदु प्रसाद ने प्रशिक्षण को शिक्षण गुणवत्ता सुधार की महत्वपूर्ण पहल बताया। प्राचार्या महुआ सिंह ने कौशल आधारित शिक्षा और शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी।

# बीसीसीएल में ओबीसी कोल कर्मियों का मिलन सह सम्मान समारोह, देव कुमार वर्मा बने प्रभारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, बीसीसीएल की ओर से बुधवार को मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राम दुलार सिंह ने की, जबकि संचालन महासचिव भोला यादव ने किया। समारोह में बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल, वाशरी डिवीजन, लोदना, कुसुंडा, भौरा सहित विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों से पहुंचे पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मिलन समारोह के दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और ओबीसी वर्ग के कोल कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कोयला भवन के अधिकारी देव कुमार वर्मा को एसोसिएशन का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राम नारायण, राहुल नारायण, बिरेन गोप, कुमार मनोज, अशोक वर्मा, दिनेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार चंदवंशी, गणेश ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह यादव, मनीष कुमार, दयाराम, राज किशोर, रोहित, महेंद्र महतो, अनिरुद्ध साव, प्रदीप कुमार महतो, राम प्रवेश यादव, राज कपूर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## एक कदम शिक्षा की ओर संस्था ने प्रतिभाओं व प्रशिक्षकों को किया सम्मान



**धनबाद :** सामाजिक संस्था एक कदम शिक्षा की ओर द्वारा शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। कपूरिया स्थित रूदी कपूरिया मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा प्रशिक्षकों के योगदान को सम्मान देना था। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के सदस्य मनईटांड़ बैंक कॉलोनी निवासी मनोज महतो ने अपने बच्चों हर्ष राज महतो और हर्षिता महतो के साथ किया। इस अवसर पर 31 बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं खेल प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रंजीत दसोंदी, नीरज रजक, अशोक महतो, ललित गोप और विजय महतो को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मनोज महतो एवं उनके बच्चों ने रंजीत दसोंदी को आकर्षक फोटो फ्रेम भेंट कर विशेष सम्मान प्रदान किया। बताया गया कि हर्ष राज महतो और हर्षिता महतो जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भरतनाट्यम, योग तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। संस्था प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को बच्चों की परीक्षा आयोजित कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करती है। 28 जून को कारीटांड़ मध्य विद्यालय में परीक्षा आयोजित होगी। संस्था विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शिक्षित करने का कार्य भी कर रही है।

## सम्पादकीय.....

# चिन्ताजनक है महंगी होतीं दवाइयां और इलाज

**भारत** आज विकसित राष्ट्र बनने के स्वप्न के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना बार-बार दोहराई जा रही है। बड़े-बड़े बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां और आर्थिक विकास के दावों के बीच एक प्रश्न बार-बार सामने खड़ा हो जाता है-क्या ऐसा भारत वास्तव में विकसित कहलाएगा, जहां एक सामान्य नागरिक बीमारी के कारण कर्ज में डूबने को विवश हो जाए? जहां इलाज और दवाइयों की बढ़ती कीमतें जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय करने लगें? जहां स्वास्थ्य सेवा अधिकार नहीं, बल्कि आर्थिक सामर्थ्य का विषय बन जाए? ऐसे समय में जब महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है, नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एन.पी.पी.ए.) द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं और टीकों की कीमतों में भारी वृद्धि की अनुमति देना गंभीर चिंता का विषय है। कैंसर की कुछ दवाओं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के आवश्यक टीकों की कीमतों में लगभग पचास प्रतिशत तक वृद्धि की स्वीकृति ने लाखों परिवारों के सामने नया संकट खड़ा कर दिया है। यह निर्णय केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदना और जनकल्याणकारी शासन की अवधारणा से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में बड़ी संख्या में लोग आज भी अपने इलाज का खर्च अपनी जेब से वहन करते हैं। बीमारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं रह जाती, वह आर्थिक संकट में भी बदल जाती है। एक समय था जब कहा जाता था कि व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के कारण कर्ज में डूबता है, लेकिन आज की स्थिति यह है कि किसी गंभीर बीमारी का इलाज पूरा परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद कर सकता है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग या अन्य जटिल बीमारियों का उपचार लाखों रुपये की मांग करता है। ऐसे में यदि जीवनरक्षक दवाइयों की कीमतें भी लगातार बढ़ती रहें तो गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवा लगभग असंभव हो जाएगी। एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कीमत बढ़ाने के पीछे उत्पादन लागत में वृद्धि और बाजार में संभावित कमी का तर्क दिया है। उनका कहना है कि यदि दवा कंपनियां लागत भी नहीं निकाल पाएंगी तो वे उत्पादन बंद कर सकती हैं, जिससे मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। यह तर्क अपनी जगह सही हो सकता है। किसी भी उद्योग को जीवित रहने के लिए उचित लाभ आवश्यक है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओं को सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह देखा जा सकता है? क्या स्वास्थ्य क्षेत्र में लाभ कमाने की सीमा और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन स्थापित नहीं किया जाना चाहिए? स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी सभ्य समाज की दो मूलभूत आवश्यकताएं हैं। दुर्भाग्य से भारत में इन दोनों क्षेत्रों में व्यवसायीकरण का प्रभाव लगातार बढ़ता गया है। निजी अस्पतालों की बढ़ती फीस, महंगे परीक्षण, अनावश्यक जांचें, चिकित्सा उपकरणों का भारी खर्च और अब दवाइयों की बढ़ती कीमतें मिलकर आम नागरिक को असहाय बना रही हैं। चिकित्सा सेवा धीरे-धीरे सेवा के बजाय उद्योग में परिवर्तित होती दिखाई दे रही है। अस्पताल स्वास्थ्य केंद्र कम और कॉरपोरेट प्रतिष्ठान अधिक प्रतीत होने लगे हैं। रोगी अब मरीज नहीं, बल्कि ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को ही नहीं बढ़ाती, बल्कि सामाजिक विभाजन को भी गहरा करती है। आज भी देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुख्यतः उन्हीं लोगों को उपलब्ध हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति मजबूत है।

## ● किसने क्या कहा



सम्मान और स्वीकृति व्यक्ति को मूल्यवान, गौरवान्वित और संतुष्ट महसूस कराती है

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

'एक देश, एक चुनाव', 'स्वदेशी' और नागरिक कर्तव्य विकसित भारत के आधारस्तम्भ



**शिवराज सिंह**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

# आईआईटी की दहलीज पर बेटियों की रिकॉर्ड दस्तक

विशेष | **प्रतिभा कुशवाहा**



> चार जून को प्रकाशित हुए अखबारों में प्रमुख रूप से इस खबर को प्रकाशित किया कि इस बार जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में पहली बार लगभग 10,000 लड़कियों ने पास की है। इस परीक्षा में कुल 56,880 अभ्यर्थी सफल हुए जिनमें से 10,107 सफल लड़कियां शामिल हैं। इन आकड़ों में लगभग चार अभ्यर्थियों में से एक अभ्यर्थी लड़की है। यह ऐतिहासिक सफलता केवल परीक्षा परिणामों का आंकड़ा मात्र नहीं है, वरन हमारे समाज में शिक्षा, अवसर और लैंगिक समानता के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का संकेत भी है। यह सफलता महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में एक 'पुश' के तौर पर देखा जा रहा है।

**हाल** ही में जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में लड़कियों की शानदार सफलता की जो खबरें आईं हैं, उसने एसटीईएम (स्टेम) यानी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओं के भविष्य की तस्वीर साफ होने लगी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में आधी आबादी के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। देश में इंजीनियरिंग यानी आईआईटी में शिक्षा एक पुरूष प्रधान क्षेत्र बना हुआ है। हमारे घरों में जो बच्चियों की शिक्षा को लेकर मुखर हैं, वे भी अपने बेटों को इंजीनियर और बेटियों को डाक्टर बनाना पहली प्राथमिकता में रखते हैं। फिर भी यह सफलता हमारे घरों की बदलती सोच और आर्थिक व्यवस्था के कुछ सुराग तो दे ही रहा है। चार जून को प्रकाशित हुए अखबारों में प्रमुख रूप से इस खबर को प्रकाशित किया कि इस बार जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में पहली बार लगभग 10,000 लड़कियों ने पास की है। इस परीक्षा में कुल 56,880 अभ्यर्थी सफल हुए जिनमें से 10,107 सफल लड़कियां शामिल हैं। इन आकड़ों में लगभग चार अभ्यर्थियों में से एक अभ्यर्थी लड़की है। यह ऐतिहासिक सफलता केवल परीक्षा परिणामों का आंकड़ा मात्र नहीं है, वरन हमारे समाज में शिक्षा, अवसर और लैंगिक समानता के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का संकेत भी है। यह सफलता महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में एक 'पुश' के तौर पर देखा जा रहा है। आज एआई, डेटा साइंस, रोबोटिक्स और नई तकनीकों ने पूरे समाज, संस्कृति और अर्थिकीय को अपने आगोश में ले रखा है, इससे आधी आबादी का दूर रहना एक बहुत बड़े सामाजिक असंतुलन के रूप में सामने आ सकता है। ऐसे में जेईई एडवांस्ड-2026 के परिणाम भविष्य में देश की नई तस्वीर का निर्माण कर सकते हैं। हालांकि अभी भी शीर्ष रैंकों और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। मात्र इस तरह की और भी सफलताओं से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। महिलाओं के जीवन में इतने पड़ाव आते हैं कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में पढ़ने-लिखने के बाद भी अपना योगदान देने से वे वंचित रह जाती हैं। आर्थिक तौर पर यह पढ़ाई महंगी होती है, देश इन क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई तरह की आर्थिक सहायता भी देता है। अगर कार्यक्षेत्र तक महिलाएं आगे नहीं आ सकेंगी, तो नुकसान हमारे समाज और देश का ही ज्यादा होगा। जनवरी, 2026 को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार देश में उच्च शिक्षा स्तर स्टेम विषयों में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 43 फीसदी है। इसी तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की अनुसंधान और विकास सांख्यिकी रिपोर्ट-2023 के अनुसार देश में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में स्टेम पेशेवरों के रूप में कुल महिला कार्यबल की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है। इनमें से 45.8 फीसदी सरकारी संस्थानों में, 27.6 फीसदी उच्च शिक्षा क्षेत्र में और 26.5 फीसदी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। इन आंकड़ों से भी पता चल रहा है कि जितनी महिलाएं स्टेम विषयों को लेकर अपना करियर बनाने का पथ चुन रही हैं, उतनी महिलाओं कार्यक्षेत्र तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

यूनेस्को का अपनी रिपोर्ट में मानना है कि भारत में एसटीईएम ग्रेजुएट में महिलाओं की भागीदारी 43 फीसदी है, जबकि इन क्षेत्रों में उनकी नौकरियों में भागीदारी मात्र 14 फीसदी है। तो प्रश्न उठता है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पढ़ी हुई महिलाएं गुम कहां हो जाती हैं? क्या समाज और संस्कृति की गहरी जड़ें जमा चुकी परंपराएं और मान्यतागत भेदभाव कहीं न कहीं इन क्षेत्रों में महिलाओं के रोजगार में बाधा बन जाते हैं। पारंपरिक जेंडर भूमिकाएं इस क्षेत्र में करियर बना रही महिलाओं को बहुत हद तक हतोत्साहित करते हैं, क्योंकि यह क्षेत्र महिलाओं से अधिक समय और प्रतिबद्धता की मांग करता है। कई परिवार चाहते हैं कि उनकी बहु और बेटी इस क्षेत्र में पढ़े तो, पर रिसर्च की जगह वह टीचिंग जैसा स्थिर और स्मूथ करियर ऑप्शन चुनें। जेंडर सेंसटिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी भी कार्यस्थल पर महिलाओं को यह क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर कर देती हैं। यही स्टीरियोटाइप सोच इंजीनियरिंग और फिजिक्स को पुरुष प्रधान क्षेत्र बना देती है। सिस्टम में इतने लूपहोल होने के बावजूद यदि इन क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता की बात की जाए, तो 2013 का मंगल मिशन और 2019 का चंद्रयान-2 मिशन अपनी एक अलग ही ऐतिहासिक उपलब्धि से हमें गौरवान्वित करता है। चंद्रयान-2 मिशन की कमान संभालने वाली दो महिला वैज्ञानिक ऋतु करीधल और एम. वनिता को कौन भूल सकता है। इसरो की वैज्ञानिक ऋतु करीधल चंद्रयान-2 मिशन की डायरेक्टर थीं और एम. वनीता इस मिशन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर। इनकी अथक मेहनत का फल है कि आज देश अंतरिक्ष क्षेत्र में इतनी बड़ी उपलब्धि को सेलिब्रेट कर सका। इससे पहले 2013 में मंगल मिशन की सफलता का जश्न देश मना चुका है। इस मिशन में आठ महिला वैज्ञानिकों ने अपनी खास भूमिका निभाई थी।

# छात्र शक्ति और बिहार आंदोलन का संदेश

गौरतलब | **मनोज कुमार मिश्र**



> **खास** बात यह है कि इसी उम्र के बच्चे, जिनके लिए जेन जेड (जनरेशन जेड) यानी 1997 से 2012 के बीच पैदा होने वाले छात्र-युवाओं ने पड़ोस के तीन देशों की सरकारें बदल दी। वैसे उन देशों में भी बदलाव बहुत सार्थक होता नहीं दिख रहा है। भारत जैसे विशाल देश में इस तरह के आंदोलन की कल्पना कठिन है लेकिन इतना तय है कि मजबूत विपक्ष की गैरहाजिरी में देश के छात्र-युवा को ही सार्थक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी।

**आजादी** के आंदोलन के बाद बिहार के छात्र आंदोलन को देश के इतिहास में सबसे प्रभावशाली माना गया। इस आंदोलन ने देश की सबसे ताकतवर नेता मानी जाने वाली यानी तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को न केवल सत्ता से बेदखल किया बल्कि उनको अपनी खुद की सीट से पराजय का सामना करना पड़ा। यह अलग बाद है कि सत्ता पर काबिज नेताओं के आपसी कलह और स्वार्थ ने जनता पार्टी के प्रयोग को विफल कर दिया और इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गई। उसके बाद असम विदेशी घुसपैठ विरोधी आंदोलन से लेकर 2011 के समाजसेवी अण्णा हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन समेत कई आंदोलनों की अगुवाई छात्र-युवाओं ने ही की। इन आंदोलनों की विफलता ने जन आंदोलनों के पक्षधर लोगों के विश्वास पर ही आघात कर दिया। इसका परिणाम हुआ कि अभी सोशल मीडिया के दम पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन शुरू होने से पहले ही समाप्त होने लगा। जबकि नीट पेपर लीक और सीबीएसई की परीक्षा प्रणाली जैसे मुद्दे देश के हर कोने में रहने वाले लाखों छात्र-छात्राओं से सीधा जुड़ा है। खास बात यह है कि इसी उम्र के बच्चे, जिनके लिए जेन जेड (जनरेशन जेड) यानी 1997 से 2012 के बीच पैदा होने वाले छात्र-युवाओं ने पड़ोस के तीन देशों की सरकारें बदल दी। वैसे उन देशों में भी बदलाव बहुत सार्थक होता नहीं दिख रहा है। भारत जैसे विशाल देश में इस तरह के आंदोलन की कल्पना कठिन है लेकिन इतना तय है कि मजबूत विपक्ष की गैरहाजिरी में देश के छात्र-युवा को ही सार्थक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। अगर एक वाक्य में कहें तो यही 1974 के बिहार आंदोलन का संदेश है। इतना ही नहीं, इस आंदोलन के कई संदेश आज भी सामयिक हैं। यह आम धारणा है कि नवंबर 1973 में गुजरात के एक इंजीनियरिंग कालेज के छात्रावास की फीस बढ़ने के खिलाफ छात्रों का आंदोलन शुरू हुआ जो गुजरात की चिमन भाई पटेल सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन और मंहगाई के खिलाफ स्वतः स्फूर्त प्रदेश भर का आंदोलन बन गया। जिसे गुजरात नव निर्माण आंदोलन कहा गया। हालांकि बिहार आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं के अगुवा रामबहादुर राय (वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष और पद्मभूषण से सम्मानित) बताते हैं कि कहने के लिए बिहार आंदोलन गुजरात से प्रेरणा लेकर शुरू हुआ लेकिन वास्तव में बिहार आंदोलन की तैयारी लंबे समय से चल रही थी।

## आज का इतिहास

- महाराणा प्रताप और मुगल साम्राज्य का शासक अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।
- औरंगजेब ने 1658 में आगरा के किले पर कब्जा कर लिया।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 को युद्ध शुरू हुआ।
- वाटरलू में ब्रिटेन से हारने के बाद नेपोलियन से 1815 को फ्रांस की सत्ता छीनी गई थी।
- लंदन स्थित टेम्स नदी पर 1817 में बना वाटरलू ब्रिज खोला गया।
- स्पेन ने 1837 में नया संविधान अपनाया।
- इटली में 1923 को माउंट एटना के पुनः जाग्रत होने से साठ हजार लोग बेघर हो गए।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना 1940 में हुई थी।
- तुर्की ने 1941 में नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- डॉ राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में 1946 को गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।
- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को पारित हुआ।
- ब्रिटिश यूरोपीयन एयरवेज का जहाज 18 जून 1972 को खुले मैदान में जा गिरा और इस हादसे में 118 लोग मारे गए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर एवं सोवियत राष्ट्रपति ब्रेझनेव द्वारा 18 जून 1979 को साल्ट-द्वितीयद्ध समझौते पर वियना में हस्ताक्षर हुए।
- शकुंतला देवी ने 1980 में दो 13 डिजिट के नंबरों का गुणा किया और 28 सेकंड्स में सही उत्तर दे दिया।
- एम.एस.स्वामीनाथन को पहला विश्व खाद्य पुरस्कार 1987 में मिला।
- भारत और पाकिस्तान ने सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच वर्षीय टकराव को समाप्त करने का फैसला किया और अपनी सेना वापस ले ली।
- कोई पूर्ण बहुमत न होने के बावजूद 1991 में कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बन गई।
- बेंगलुरु में 14वें राष्ट्रीय परिषद की भाजपा ने 1993 में हिंदुत्व को इस दिन शपथ दिलाई।

## अंकजाल - 8302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 17 | 17 | 22 | 35 | | 11 | 22 | 20 | |
| 29 | | 7 | | 9 | | 3 | | 4 | 12 |
| 23 | 9 | | 7 | | | | 7 | | 20 |
| 23 | | 8 | | 7 | | | | 6 | 8 |
| | | | 2 | | 7 | | 8 | | 29 |
| 31 | | 7 | | 6 | | 5 | | | |
| 7 | 2 | | | | 4 | | 8 | | 30 |
| 19 | | 8 | | | | 8 | | 3 | 24 |
| 18 | 5 | | 7 | | 3 | | 7 | | 13 |
| | 18 | 26 | 13 | | 27 | 24 | 22 | 12 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 8301 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 14 | 26 | 16 | 22 | | 30 | 21 | |
| 27 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | | 9 | 2 | 11 |
| 32 | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | | 8 | 2 | 10 |
| | | | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | | 5 | 7 | 8 | 5 | 25 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 36 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | | | |
| 13 | 5 | 8 | | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 28 |
| 11 | 5 | 6 | | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 25 |
| | 24 | 29 | | 20 | 16 | 44 | 15 | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## संत की उदारता

**विख्यात** संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है? यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे। तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया। विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे।

## सुविचार

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
**रामायण**

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं, बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
**स्वामी ज्ञानानंद**

## राशिफल

**मेष** – आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन** – आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क** – बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंह** – व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कन्या** – पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला** – अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक** – आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

**धनु** – उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर** – आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**कुंभ** – घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन** – शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

# पत्तियां काटने से नहीं, जड़ों को काटकर ही मिटेगा परीक्षा माफिया



**प्रो. आरके जैन**

**भारत** की परीक्षा-व्यवस्था एक बार फिर उस मोड़ पर है जहाँ प्रश्न केवल नकल या लीक का नहीं, बल्कि भरोसे की बुनियाद के दरकने का है। नीट-यूजी री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध ने इस बहस को और तीखा बना दिया है। यह कदम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69अ के तहत उठाया गया है। इसके तहत 22 जून तक टेलीग्राम की एक्सेस बंद रहेगी और मैसेज एडिटिंग फीचर 30 जून तक निष्क्रिय रहेगा। एक ओर इसे परीक्षा सुरक्षा की तात्कालिक ढाल माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे डिजिटल स्वतंत्रता पर असंतुलित हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। सवाल यह है कि क्या यह अस्थायी बैन परीक्षा सुधार की दिशा में एक ठोस जीत है या फिर जड़ों को छोड़कर पत्तियों को काटने की पुरानी आदत? नीट-यूजी परीक्षा लीक का दर्द नया नहीं है। मई 2026 में नीट-यूजी परीक्षा (3 मई को आयोजित) रद्द करनी पड़ी क्योंकि राजस्थान (विशेषकर सीकर-जयपुर क्षेत्र) में गेस पेपर सकुर्लेशन और कथित पेपर लिक के आरोपों ने परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए थे। इससे लगभग 22-23 लाख छात्र प्रभावित हुए। कुछ छात्रों की आत्महत्याओं ने इस त्रासदी को प्रशासनिक विफलता से आगे बढ़ाकर मानवीय संकट में बदल दिया। सरकार और एनटीए का तर्क इस कदम को आपातकालीन सुरक्षा कवच के रूप में प्रस्तुत करता है। उनका कहना है कि टेलीग्राम पर सक्रिय चैनल न केवल फर्जी पेपर बेच रहे थे, बल्कि संदेशों को एडिट कर बाद में उन्हें 'प्रमाण' की तरह पेश कर रहे थे। यही तकनीकी लचीलापन धोखाधड़ी का नया हथियार बन गया। री-एग्जाम की अत्यंत संवेदनशील अवधि में ऐसे नेटवर्क को प्रभावी रूप से रोकने के लिए अस्थायी प्रतिबंध को आवश्यक एवं तात्कालिक कदम माना गया। यह किसी स्थायी सेंसरशिप की शुरूआत नहीं, बल्कि सीमित समय के लिए डिजिटल दरारों को बंद करने की कोशिश है। पर सवाल यह है कि क्या व्यवस्था की यह 'तात्कालिक मरम्मत' दीर्घकालिक सुरक्षा की गारंटी दे सकती है, या यह केवल एक अस्थायी पट्टी है जो गहरे घाव को छुपा देती है? फिर भी, इस कदम की आलोचना जायज है। टेलीग्राम पर करोड़ों भारतीय निर्भर हैं झ छात्र सामग्री शेयर करते हैं, छोटे व्यापारी काम चलाते हैं, पत्रकार सूचना इकट्ठा करते हैं। एक पूरे प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करना वीपीएन के दौर में कितना प्रभावी होगा, यह बहस का विषय है। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन जैसी संस्थाएं इसे अतिरंजित और असंवैधानिक बता रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार है, लेकिन जब वह लाखों ईमानदार छात्रों के हक में बाधक बन जाए तो क्या सरकार को हाथ पर हाथ रखकर बैठना चाहिए? संतुलन जरूरी है। बैन अस्थायी है, लक्षित है, लेकिन लंबे समय में यह समाधान नहीं। पर समस्या केवल डिजिटल मंचों की नहीं, बल्कि उस पूरी संरचना की है जो लीक को जन्म देती है। परीक्षा प्रणाली की कमजोर कड़ियाँ–प्रिंटिंग प्रेस की सुरक्षा, परिवहन की निगरानी, केंद्रों की जवाबदेही और भ्रष्टाचार की छायाएँ–सब मिलकर इस संकट की जमीन तैयार करती हैं। टेलीग्राम या कोई अन्य प्लेटफॉर्म केवल माध्यम है, अपराध का मूल स्रोत नहीं। यदि संरचना ही छिद्रपूर्ण रहेगी, तो अपराधी हर नए माध्यम को अपने हित में ढाल लेंगे।

# सड़कों पर बढ़ता संकट : आवारा पशु और हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

गौरतलब | **सुनील कुमार महला**

> **विडंबना** यह है कि लोग मामूली चारा शुल्क देने या दान-पुण्य की रसीद कटवाने के डर से इन पशुओं को व्यवस्थित गौशालाओं में भेजने से भी कतराते हैं, जबकि गौशालाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता होती है। हालांकि समाज में आज भी कई भामाशाह, समाजसेवी संगठन और बड़े लोग खुले दिल से दान करते हैं, चारे और हरे की व्यवस्था करते हैं, लेकिन सड़कों पर बढ़ती पशुओं की तादाद के आगे यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

**आज** हमारे देश के छोटे-बड़े शहरों और कस्बों की गलियों, मुख्य सड़कों तथा व्यस्त बाजारों में आवारा पशुओं, विशेषकर गोवंश की बढ़ती संख्या एक अत्यंत गंभीर, सामाजिक और संवेदनशील समस्या बन चुकी है। हर तरफ नजर दौड़ाने पर सड़कों के बीचों-बीच या किनारों पर बैठे पशुओं के झुंड दिखाई देते हैं। इस विकराल होती समस्या के पीछे पूरी तरह से मानवीय स्वार्थ, संवेदनहीनता और जिम्मेदारी से भागने की प्रवृत्ति काम कर रही है। लोग गायों को तब तक ही अपने घरों या डेयरियों में रखते हैं जब तक वे दूध देती हैं और आर्थिक रूप से फायदेमंद होती हैं। जैसे ही वे अनुत्पादक या बूढ़ी हो जाती हैं, उन्हें बेरहमी से खुले में सड़कों पर लावारिस भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है। विडंबना यह है कि लोग मामूली चारा शुल्क देने या दान-पुण्य की रसीद कटवाने के डर से इन पशुओं को व्यवस्थित गौशालाओं में भेजने से भी कतराते हैं, जबकि गौशालाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता होती है। हालांकि समाज में आज भी कई भामाशाह, समाजसेवी संगठन और बड़े लोग खुले दिल से दान करते हैं, चारे और हरे की व्यवस्था करते हैं, लेकिन सड़कों पर बढ़ती पशुओं की तादाद के आगे यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

इस लापरवाही का खामियाजा आज इंसान और बेजुबान पशु दोनों को भुगतना पड़ रहा है। सड़कों पर यत्र-तत्र घूमते और आपस में लड़ते ये भारी-भरकम पशु आए दिन भयानक हादसों का सबब बनते हैं। इनकी चपेट में आने से सबसे ज्यादा नुकसान राह चलते मासूम बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को होता है। कई लोग इन दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से अपाहिज हो जाते हैं, तो कई मामलों में असमय ही अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। दूसरी ओर, खुद इन मूक पशुओं की स्थिति भी अत्यंत नारकीय और क्रूर हो चुकी है। भूख से व्याकुल होकर ये दिन भर सड़कों और गलियों में कचरे के ढेरों में मुंह मारते रहते हैं। इस प्रक्रिया में भोजन की गंध के कारण वे भारी मात्रा में प्लास्टिक, पॉलिथीन और अन्य घातक कचरा निगल जाते हैं। यह प्लास्टिक उनके पेट में जमा होकर एक जानलेवा गांठ बन जाता है, जिससे अंततः वे तड़प-तड़प कर असमय ही मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त, रात के अंधेरे में या तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से ये पशु लहूलुहान होकर सड़कों पर तड़पते नजर आते हैं, जो हमारी मानवीय संवेदनाओं पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न है।

इस बहुआयामी संकट का समाधान किसी एक सरकारी विभाग या अकेले प्रशासन के बूते की बात नहीं है। इसके लिए नगर पालिका, स्थानीय प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों और आम जनता को एकजुट होकर एक ठोस कार्ययोजना के तहत आगे आना होगा। नगर पालिका को सड़कों से आवारा पशुओं को सुरक्षित रेस्क्यू करने का नियमित अभियान चलाना चाहिए, साथ ही पशुओं की टैगिंग अनिवार्य कर उन पशु मालिकों की पहचान करनी चाहिए जो दूध निकालने के बाद उन्हें सड़क पर छोड़ देते हैं, और उन पर भारी जुमार्ना लगाना चाहिए।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## 28 जून से शुरू होनेवाले पल्स पोलियो अभियान को लेकर उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

# 05 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पिलायें पोलियो की खुराक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनन्द की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के सफल संचालन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि जिले में 28, 29 एवं 30 जून 2026 को पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान के प्रथम दिन 28 जून को निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी, जबकि 29 एवं 30 जून को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। अभियान के दौरान जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलायी जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने में पल्स पोलियो अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग विशेष रणनीति बनाकर कार्य करे तथा सभी संबंधित विभाग अभियान के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बैठक में जानकारी दी गयी कि अभियान के दौरान बस स्टैंड, हाट-बाजार, मेला स्थल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष ट्रांजिट टीमों की तैनाती की जाएगी, ताकि बाहर से आने-जाने वाले बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जा सके। साथ ही बच्चों की उंगली पर



मार्किंग एवं घरों की चिन्हांकन प्रक्रिया का भी सख्ती से पालन किया जायेगा। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से क्षेत्रवार बच्चों की अद्यतन सूची तैयार करें तथा अभियान से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी प्रखंडों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर जनसहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि व्यापक जनजागरूकता अभियान चला कर आमजनों को पल्स पोलियो कार्यक्रम से जोड़ा जाये। इसके लिए माइकिंग, पोस्टर, बैनर, सोशल मीडिया एवं अन्य संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाये, ताकि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलायें।

### राजस्व संग्रहण में चतरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन, अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**चतरा** : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभाग के राजस्व संग्रहण, अभियोग कार्यों तथा अवैध शराब के विरुद्ध संचालित कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उत्पाद अधीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में 32 कंपोजिट शराब दुकानें एवं 06 देशी शराब दुकानें संचालित हैं। जिले में 01 कैंटीन अनुज्ञप्ति सहित कुल 41 उत्पाद अनुज्ञप्तियां प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल एवं मई माह के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध विभाग ने 104.67 प्रतिशत राजस्व संग्रहण कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त की है। राजस्व संग्रहण की संतोषजनक स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने विभागीय अधिकारियों को इस उपलब्धि को आगामी महीनों में भी बरकरार रखने तथा राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित छापामारी एवं गश्ती अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई कर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त ने अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध और अधिक सख्ती बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

### कामडारा प्रखंड के ग्राम पकरा के बांस कारीगरों को मिला 14 दिवसीय प्रशिक्षण



**गुमला** : मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, गुमला एवं नीड्स संस्था के द्वारा किया गया पहल से सशक्त हो रहें स्थानीय कारीगर,वर्षों से अपने हाथों के हुनर से सुंदर और उपयोगी उत्पाद बनाने वाले ग्राम पकरा के कारीगरों को अब उनकी मेहनत और प्रशिक्षण से प्राप्त उन्नत कारीगरी का हुनर केवल गांव के बाजार हाट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नगर के बड़ा बाजार तक पहुंचेगा और उनकी आमदनी को मजबूत करेगा। कारीगरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से नीड्स संस्थान को 10 प्रतिशत के अंशदान पर मशीन/टूल किट का उपलब्ध कराया गया है। बांस कारीगरों को मशीन द्वारा उन्नत प्रशिक्षण, कम समय में अधिक उत्पाद का निर्माण के बारे में 14 दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम पकरा, प्रखंड कामडारा, गुमला में दिया प्रशिक्षण। जिले के कारीगरों की पहचान, उनका पारंपरिक हुनर आधुनिक जरूरतों के अनुरूप और बेहतर बना सके। बल्कि कारीगरों के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक कार्यस्थल की भी व्यवस्था की गई। एससीए मद से कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे कारीगर धूप, बारिश और कठिन मौसम की चिंता किए बिना नियमित रूप से काम कर सकेंगे।

## एक झलक

### विद्यालय से चोरी हुए सोलर प्लेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चतरा** : प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लिदीक स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से चोरी हुए तीन सोलर प्लेट के मामले का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई तीनों सोलर प्लेट भी बरामद कर ली हैं। जानकारी के अनुसार, 13 जून 2026 की रात विद्यालय की छत पर लगे तीन सोलर प्लेट अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की शिकायत पर प्रतापपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में बभने तालाब के समीप से विनय कुमार, पिता द्वारिका यादव, निवासी परहियाडीह, थाना प्रतापपुर को चोरी किए गए तीनों सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि चोरी कांड में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

### पलामू में 73 वर्षीय वृद्ध की संदेहास्पद मौत

**पलामू** : जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भीतर बांध तालाब के पास मंगलवार को 73 वर्षीय शिव महतो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। उनका शव तालाब किनारे बरामद किया गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने इस मामले में पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होने की बात कही है। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शिव महतो रोज की तरह मंगलवार को भी भैंस चराने भीतर बांध तालाब की ओर गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को सूचना मिली कि उनकी मौत तालाब में डूबने से हो गई है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो शव तालाब किनारे पड़ा मिला। हैरानी की बात यह रही कि मृतक के कपड़े सूखे हुए थे, जबकि कुछ कपड़े और जूते गायब पाये गये।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**पलामू** : पड़वा मोड़ -औरंगाबाद मुख्य पथ पर छतरपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाटी में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गयी। उसका 10 माह का बच्चा बाल बाल बच गया। महिला फाइनेंस कंपनी से लोन ली थी, लेकिन केवाईसी लग जाने के कारण भुगतान नहीं हो पाया था। महिला लोन दिलाने वाले समूह के फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ बाइक पर बैठकर छतरपुर बैंक आ रही थी। महिला को जख्मी हालत में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाने के बाद फाइनेंस कर्मी परिजनों को दुर्घटना हो जाने की सूचना देकर फरार हो गया। महिला को एमएमसीएच में मृत घोषित किया गया। महिला की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम बुधवार सुबह एमएमसीएच में किया गया। महिला की पहचान हरिहरगंज के रजवार निवासी 30 वर्षीय प्रतिमा देवी पति सतेन्द्र भुइयां के रूप में हुई है।

## नशा मुक्ति अभियान का शुभारम्भ, छात्र-छात्राओं ने लिया नशा से दूर रहने का संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, बनवारी साहू महाविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने की। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने जीवन को सही दिशा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य पर भी नकारात्मक असर डालता है। इसलिए सभी को नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि नशा मुक्ति स्वस्थ और सफल जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि नशे के सेवन से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है तथा कई बार यह सामाजिक विघटन का कारण भी बनता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।

## जनसंवाद में साइबर अपराध से बचाव को लेकर पुलिस ने किया जागरूक

# ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचने दी की सलाह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नगर पंचायत क्षेत्र के डुरुआ गांव स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को लातेहार पुलिस की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न मुद्दों पर लोगों से सीधे संवाद किया। डीआईजी किशोर कौशल ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी और अन्य वित्तीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर साइबर ठगी जैसी घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के थानों में जमीन विवाद से जुड़े कई मामले पहुंचते हैं। ऐसे मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक थाना में नियमित रूप से थाना दिवस का आयोजन किया जाता है, जहां सम्बन्धित पक्ष अपनी समस्याएं रख सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत हुआ है और किसी भी सामाजिक या आपराधिक घटना की सूचना सबसे पहले पुलिस तक पहुंचती है।

### धूर्रे के खेल मैदान को बचाने की मांग, स्टेडियम स्थानांतरण के विरोध में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**लातेहार** : ज़िले के हेरहंज प्रखंड के धूर्रे गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वर्षों पुराने धूर्रे खेल मैदान में ही प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस मैदान में लंबे समय से क्षेत्र के युवा और बच्चे फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास करते आ रहे हैं, उसी भूमि का चयन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए किया गया था। इसके लिए करीब 81 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार हेरहंज पंचायत के धूर्रे गांव स्थित खाता संख्या-142, प्लॉट संख्या-1832 एवं 1833 पर स्टेडियम निर्माण की योजना बनाई गई थी। उनका आरोप है कि वर्ष 2024-25 में कुछ लोगों ने अंचल कर्मियों की मिलीभगत से इस सरकारी भूमि का बंदोबस्त अपने नाम करा लिया, जबकि उनका उस भूमि पर कोई वैध अधिकार नहीं था। ग्रामीणों का दावा है कि स्टेडियम निर्माण की तैयारी के तहत जब भूमि की साफ-सफाई शुरू हुई तो सम्बन्धित लोगों ने इसका विरोध किया और काम रुकवा दिया। इसके बाद वहां अस्थायी झोपड़ी बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया गया।

## टुकड़ा ईंट से सड़क निर्माण का आरोप ग्रामीणों ने जतायी नाराजगी, जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत अंतर्गत चमरडीहा गांव में जिला परिषद मद से बन रही पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने गम्भीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि सड़क की सोलिंग में मानक सामग्री के बजाय टुकड़ा ईंट का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में विभागीय निगरानी का अभाव साफ दिखायी दे रहा है। उनका आरोप है कि कार्य स्थल पर कनीय अभियंता अभय मिश्रा की उपस्थिति नहीं रहती है और निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी नहीं की जा रही है। इससे निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। मामले में पक्ष जानने के लिए कनीय अभियंता से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इधर, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि विकास योजनाओं में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य पर नजर रखने की अपील करते हुए कहा कि कहीं भी गड़बड़ी दिखाई दे तो इसकी जानकारी तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को दें।

## 17 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 408 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव निवासी सोनू कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक हुंडई कार को भी जब्त कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से अवैध शराब की बड़ी खेप बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस की एक टीम गठित की गयी। पुलिस टीम ने चतरा-गया मुख्य मार्ग स्थित संघरी घाटी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध हुंडई कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 17 पेटियों में छिपाकर रखी गई कुल 408 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। मौके पर ही तस्कर सोनू कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी शराब की खेप को बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी में था। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लायी गयी थी और इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### कालीकरण सड़क व नाली निर्माण में बरती गयी अनियमितता, हल्की बारिश में उखड़ी सड़क

**चतरा** : नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 स्थित वादी-ए-इरफा के सकुरी मस्जिद से बिंड मुहल्ला मोड़ स्थित निरंजन साव के घर तक हाल ही में बनी कालीकरण सड़क और नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप लगा है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण सड़क बनते ही जगह-जगह उखड़ने लगी है। मुहल्ले वालों के अनुसार, तीन दिन पूर्व हुई बारिश भी सड़क नहीं झेल सकी और कई हिस्सों में सड़क की परत उखड़ गयी। लोगो ने कहा कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गयी है। जानकारी के अनुसार सड़क व नाली निर्माण कार्य लगभग 72 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। मुहल्ले के लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध किया और उपायुक्त रवि आनंद से सड़क की गुणवत्ता की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग की है। वही संवेदक का कहना है कि प्राक्कलन के अनुसार काम कराया गया है।

## नयी चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस को रहना होगा अपडेट : डीआईजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : अपराध की बदलती प्रकृति के बीच पुलिस को नयी तकनीकों और आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों से खुद को लगातार अपडेट रखना होगा। यह बात पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित तीन दिवसीय पलामू क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट के उद्घाटन समारोह में कही। डीआईजी ने कहा कि प्रशिक्षण से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। वर्तमान समय में अनुसंधान और साक्ष्य संकलन के क्षेत्र में लगातार नये प्रयोग हो रहे हैं, जिनकी जानकारी पुलिस अधिकारियों और जवानों को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाये रखना पुलिस का प्रमुख दायित्व है और विधि का प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए कानूनों की सही एवं अद्यतन जानकारी आवश्यक है। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईजी किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने साक्ष्य संकलन में उपयोग की जा रही डिजिटल तकनीकों और अन्य आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य अपराध अनुसंधान को अधिक प्रभावी बना रहे हैं।

## डंडई पंचायत में मनरेगा की डोभा योजना पर उठे सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित डोभा निर्माण योजनाओं में अनियमितताओं के आरोप सामने आये हैं। मामले में जांच की मांग तेज हो गयी है, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) द्वारा जांच की प्रक्रिया अभी शेष है। नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर पंचायत के एक व्यक्ति ने बताया कि कई डोभा योजनाओं का कार्य जियो-टैग किये गये स्थल के बजाय अन्य स्थानों पर कराया गया है। आरोप है कि कुछ योजनाएं जिन लाभुकों के नाम से स्वीकृत हुईं, उनका निर्माण अन्य व्यक्तियों की भूमि पर कराया गया। सूत्र के अनुसार, पंचायत में अब तक लगभग 250 से अधिक डोभा योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। एक डोभा की अनुमानित लागत करीब 5 लाख रुपये बतायी जाती है। इस आधार पर योजनाओं पर अब तक लगभग 11.25 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, मुखिया तथा अन्य सम्बन्धित कर्मियों की भूमिका रहती है। ऐसे में योजनाओं के चयन, निर्माण और मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, लगाये गये आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। डंडई पंचायत से जुड़े इस मामले ने मनरेगा योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता पर गम्भीर प्रश्न खड़े कर दिये हैं।

## नेतरहाट विद्यालय में जर्मन भाषा परिचयात्मक कार्यक्रम शुरू

# विद्यार्थियों ने दिखायी उत्साहपूर्ण भागीदारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की भाषाई दक्षता प्रदान करने और उनके शैक्षणिक व व्यावसायिक अवसरों का विस्तार करने के उद्देश्य से नेतरहाट आवासीय विद्यालय में जर्मन भाषा परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रांची स्थित जर्मन लर्निंग सेंटर एवं डेल्टा टेक क्लासेस के निदेशक सुजीत कुमार द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कार्यक्रम का पहला सत्र 14 जून 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जर्मन भाषा की बुनियादी जानकारी, उसके वैश्विक महत्व तथा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से परिचित कराया गया। इस दौरान जर्मन संस्कृति, जीवनशैली और भाषा के व्यावहारिक उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गयीं। जबकि अगले दिन दो सत्र आयोजित हुए। पहला सत्र सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक और दूसरा सत्र सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किया गया। इसके बाद 16 जून से प्रतिदिन शाम 4 बजे से 5 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काफी उत्साह और रुचि दिखायी। नयी भाषा सीखने के प्रति उनकी जिज्ञासा बढ़ी है और उनमें वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करने का आत्मविश्वास भी विकसित हो रहा है। कक्षा-वार संचालित पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को जर्मन भाषा की प्रारंभिक समझ प्रदान की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करने के साथ-साथ उनके भविष्य के शैक्षणिक और रोजगार सम्बन्धी अवसरों को भी मजबूत बनाते हैं। विद्यालय के अनुसार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हो रहा है।

## मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का पुनर्गठन, साजिद बने सदर और एहसान अंसारी को मिली सचिव की जिम्मेदारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर प्रखंड के तरवाडीह में आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर लश्करे हुसैन मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मास्टर तौहीद किब्रिया ने की। बैठक में कमेटी के नये पदाधिकारियों का चयन किया गया और मुहर्रम के आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। कमेटी के गठन में साजिद को सदर (अध्यक्ष) और एहसान अंसारी को सचिव चुना गया। वहीं, वसीम को नायब सदर, इल्हाक को नायब सचिव, जबकि सनाजरुल हक, सऊद, इस्तेखार और अकबर ताईद को जनरल खलीफा की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जफर हुसैन और साजिद हाशमी को खजांची तथा सरताज आलम को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मास्टर तौहीद किब्रिया, आशिक, मास्टर अब्दुल रसीद और मासूक को संरक्षक (निगरानी समिति) के रूप में सर्वसम्मति से चयनित किया गया। नवनिर्वाचित सदर साजिद ने कहा कि मुहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से पूरी व्यवस्था और अनुशासन के साथ भव्य रूप में निकाला जायेगा। सचिव एहसान अंसारी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व इमाम हुसैन की कुबार्नी और सच्चाई के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोगों को धैर्य, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा)** : बुधवार को सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय कुंडहित में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष के अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। तत्पश्चात 1 मिनट का मौन रखा गया। गुरुगोष्टी में एमडीएम, मासिक प्रतिवेदन, पोषण वाटिका, स्वास्थ्य से संबंधित प्रतिवेदन, एमडीएम एसएमएस की स्थिति सहित 25 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। गुरुगोष्टी के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन घोष ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश देते हुए निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया। जिसमें घंटी स्वच्छता साफ सफाई एवं



दैनिक आदर्श प्रार्थना सभा, एफएलएन एवं पठन पाठन गुड हैंडराइटिंग, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था दैनिक एसएमएस पंक्तिबद्ध भोजन पोषण वाटिका मासिक प्रतिवेदन आईएफए गोली नियमित एप्रोन पहनना एवं महत्वपूर्ण बिंदु, ई-विद्या वाहिनी में टीचर एवं स्टूडेंट उपस्थिति, आपार आईडी का अपडेट स्थिति का समीक्षा, एनआईएलपी तो अपडेट स्थिति का समीक्षा एवं पाठ्य योजना की समीक्षा, ई विद्या वाहिनी में बुक अपलोड की विद्यालय वार समीक्षा, ई कल्याण पोर्टल छात्रवृत्ति एवं निशुल्क साइकिल वितरण का समीक्षा, बाल संसद का समीक्षा, प्रोजेक्ट रेल मासिक जांच परीक्षा, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, एसएमसी मासिक बैठक विद्यालय वार समीक्षा, प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा पंचायत वार निरीक्षण संबंधित समीक्षा, पुस्तकालय प्रयोगशाला एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का समीक्षा, विद्यालय पोशाक एवं शिक्षक आई कार्ड संबंधी समीक्षा, पीएफएमएस उपयोग संबंधी समीक्षा एवं सावित्रीबाई फुले संबंधी समीक्षा, योगमय झारखंड एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, वर्ग अष्टम का विशेष परीक्षा का समीक्षा, नामांकन संबंधी ऑनलाइन एंट्री, बैंक अकाउंट डीवीटी संबंधी अपडेट स्थिति की समीक्षा, ऑनलाइन जूम मीटिंग आईसीटी ब्लॉक लेवल एचएम का समीक्षा, पंख पत्रिका वर्ग मंत्री साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एसएचडब्ल्यूपी का समीक्षा, आईसीटी स्मार्ट क्लासेस का समीक्षा एवं शिक्षक जोन समीक्षा, छात्रों उपस्थिति वृद्धि हेतु प्रयास कार्यक्रम की समीक्षा, प्रत्येक रविवार को अभिभावक दुरभाष संपर्क का समीक्षा, नेतरहाट के तर्ज पर नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने संबंधित समीक्षा इत्यादि से संबंधित समीक्षा शामिल है। मौके पर बीईईओ मिलन कुमार घोष के अलावे बीपीएम मोहम्मद हासीब, वरूण कुमार, ओम प्रकाश गांधी, अजय कुमार महतो, शिक्षक शांतिमय माजी, देविश्वर मुर्मू, राखी धर, संजय बाध्यकर, सीआरपी उज्जवल कांत सिंह, संजित मिस्त्री, प्रदीप चक्रवर्ती, हिमाद्रि शेखर मंडल, प्रभाष दत्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर मेघनाथ सेन, विभिन्न विद्यालय के शिक्षक एवं सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## नशे के खिलाफ जनजागरण में मीडिया की भूमिका अहम : डॉ. चंदन



**लातेहार** : युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके दुष्प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से बुधवार को सूचना भवन सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया और नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी सीमा पर नहीं, बल्कि घर-परिवार और समाज के भीतर लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा 15 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ. चंदन ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर छोटी आदतों से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति की सेहत, सम्मान और भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान को मजबूती देने का संकल्प लिया।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन व ई-संजीवनी सेवाओं की हुई व्यापक समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, जवाबदेही व जनहित सर्वोपरि : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजनों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं तथा इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों को संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभुकों का अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचना, शिक्षा एवं संचार तथा व्यवहार परिवर्तन संचार गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक लाभुक को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी नवजात शिशुओं का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये। कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित एमटीसी केन्द्रों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के बेहतर उपचार एवं पोषण प्रबंधन के लिए केन्द्रों को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना जरूरी है। उन्होंने जिन एमटीसी केन्द्रों का कायाकल्प कार्य पांच वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है, उनके सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत हेतु डीएमएफटी मद से प्रस्ताव तैयार कर अग्रसारित करने के निर्देश दिये। साथ ही हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमटीसी बेड क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए स्वयं स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान हाइड्रोसील रोगियों के लिए उपलब्ध निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पात्र मरीजों को चिन्हित कर उन्हें इस सुविधा का लाभ दिलाया जाए, ताकि गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने टीबी स्क्रीनिंग लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने 100 दिवसीय टीबी अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एक्स-रे मशीन क्रय हेतु प्रस्ताव को शीघ्र अग्रसारित करने को कहा।

## फाइलेरिया से प्रभावित 22 मरीजों को प्रदान किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** सिविल सर्जन कार्यालय परिसर स्थित फाइलेरिया क्लिनिक में बुधवार को फाइलेरिया (हाथीपांव) से प्रभावित 22 मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य फाइलेरिया से प्रभावित पात्र मरीजों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात लाभार्थी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार एवं आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष रूप से ऐसे मरीज, जो फाइलेरिया जनित जटिलताओं के कारण दिव्यांगता की ओर अग्रसर हैं, उन्हें इस पहल से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर एसीएमओ, गुमला, वीबीडी कंसल्टेंट, गुमला तथा पीरामल फाउंडेशन, गुमला की टीम उपस्थित रही। सभी अधिकारियों ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें उपलब्ध सरकारी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि फाइलेरिया (हाथीपांव) से प्रभावित सभी चिन्हित पात्र मरीजों को शीघ्र दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार लाया जा सके।

## एक झलक

### बागमुंडा जलप्रपात में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित

**गुमला :** बसिया प्रखंड स्थित बागमुंडा जलप्रपात में पर्यटन विभाग द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गयी। अभियान के तहत बच्चों एवं युवाओं के लिए रस्साकशी, योग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

### दुष्कर्म कर जानलेवा हमला करने के दोषी को 10 वर्ष की सजा

**पलामू :** जिला व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने बुधवार को दुष्कर्म और जानलेवा हमले के दोषी संतोष कुमार सिंह को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को 75 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं जमा करने पर तीन वर्ष साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में चैनपुर थाना के कश्यप मुहल्ला निवासी पीड़िता के रिश्तेदार ने संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध चैनपुर थाना में 21 मार्च 2003 को नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## जन समाधान कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

# मामलों के त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जन समाधान कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतों एवं समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जन समाधान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अवैध अतिक्रमण, सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध किए जाने, दाखिल-खारिज, राजस्व संबंधी मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेयजलापूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति एवं कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी मामलों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि जन समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें तथा पात्र लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जा रहा है।

## टाटा जू की 16 वर्षीय अफ्रीकी शेरनी जोया का निधन, 16 वर्षों तक बनी रही आकर्षण का केन्द्र

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर स्थित बिष्टुपुर के टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टाटा जू) में 16 वर्षीय अफ्रीकी शेरनी जोया का निधन हो गया। बताया गया है कि बढ़ती उम्र और लंबे समय से चली आ रही शारीरिक समस्याओं के कारण उसकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। जू के पशु चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा था, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। जोया के निधन की खबर से जू प्रशासन, वन्यजीव प्रेमियों और शहरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई है। जू प्रबंधन के अनुसार, जोया का जमशेदपुर से गहरा जुड़ाव रहा। उसे लगभग छह माह की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया से भारत लाया गया था। उसके साथ जम्बो और एड नामक दो अन्य अफ्रीकी शेर भी टाटा जू पहुंचे थे। इसके बाद से वह वर्षों तक जू का हिस्सा बनी रही और आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। जू अधिकारियों के मुताबिक, जोया का स्वभाव शांत था और वह अक्सर अपने बाड़े में सक्रिय दिखाई देती थी। उसकी यही विशेषता उसे बच्चों और पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाती थी। समय के साथ वह केवल एक वन्यजीव नहीं रही, बल्कि जू परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गयी थी।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए निकाली गयी बाइक रैली, यातायात नियमों के पालन का दिया गया संदेश

# डीटीओ ने हरी झंडी दिखा कर सड़क सुरक्षा बाइक रैली को किया रवाना




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिला परिवहन कार्यालय, पलामू के तत्वावधान में आयोजित इस रैली को जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने जी.एल.ए. कॉलेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं यातायात नियम अपनायें, सुरक्षित झारखंड बनायें' अभियान के तहत आयोजित की गयी। रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति सड़क पर वाहन चलाते समय निर्धारित नियमों का पालन करे तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने तथा ट्रैफिक संकेतों का सम्मान करने की सलाह दी।

## कोडरमा में पीडीएस अनियमितता पर प्रशासन की सख्ती

# 24 बोरा खाद्यान्न कम मिलने पर डीलर निलम्बित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के संचालन में पारदर्शिता एवं लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में करमा पंचायत, प्रखंड कोडरमा के जन वितरण प्रणाली विक्रेता भगवत कुमार (अनुज्ञप्ति संख्या-71/85) को खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान भौतिक रूप से 24 बोरा खाद्यान्न कम पाया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा द्वारा जांच प्रतिवेदन समर्पित किए जाने तथा विक्रेता से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद यह पाया गया कि विक्रेता द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तथा आरोपों से बचने के लिए भ्रामक स्पष्टीकरण देने का प्रयास किया गया। इसे झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 के प्रावधानों एवं अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए जिला प्रशासन ने सम्बन्धित पीडीएस विक्रेता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिले के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि प्रत्येक लाभुक के बीच निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का समय पर, पारदर्शी एवं शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी भी दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता, रिकॉर्ड में गड़बड़ी अथवा लाभुकों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध निलंबन, अनुज्ञप्ति रद्दीकरण एवं अन्य विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल समाप्त कराने को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

# शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का किया गया आग्रह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** मनरेगा संविदा कर्मियों की जारी हड़ताल को समाप्त कराने के उद्देश्य से बुधवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) अनिमेश रंजन ने झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ, जिला इकाई गुमला के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कर्मियों की विभिन्न मांगों और वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गयी। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि मनरेगा संविदा कर्मी लंबे समय से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मानदेय भुगतान में अनियमितता, सेवा शर्तों की स्पष्ट नियमावली के अभाव तथा अन्य लंबित मांगों को अपनी प्रमुख समस्याएं बताया। प्रतिनिधियों ने कहा कि लगभग 19 वर्षों से योजना के संचालन में योगदान देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि मार्च 2026 से कई मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है, जिसके तहत ग्रामीणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य है। डीडीसी ने जनहित और ग्रामीण मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए संघ के प्रतिनिधियों से हड़ताल समाप्त कर कार्य पर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से संघ के साथ आवश्यक संवाद और समन्वय बनाए रखा जाएगा। संघ के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे आगामी तीन से चार दिनों के भीतर संगठन स्तर पर विचार-विमर्श कर उचित निर्णय लेंगे और अपने निर्णय से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे।

# पिपराडीह रेलवे स्टेशन पर मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया वाटर कूलर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया शाखा द्वारा जनसेवा एवं अमृत धारा कार्यक्रम के तहत पिपराडीह रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इससे यात्रियों के साथ-साथ रेलकर्मियों एवं मजदूरों को भी शीतल पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। वाटर कूलर का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक बीबी सिंह एवं मंच अध्यक्ष मोहित संघई ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक बीबी सिंह ने मंच के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मंच अध्यक्ष मोहित संघई ने बताया कि 40 लीटर क्षमता वाला यह वाटर कूलर 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि मंच अमृत धारा परियोजना के तहत विभिन्न स्थानों पर प्याऊ सेवा संचालित कर लोगों को पेयजल उपलब्ध करा रहा है। प्रांतीय भवन संयोजक राज पच्चीसिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लगातार सेवा कार्य कर रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन० आर०ई०पी०–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 23/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 22.06.2026 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 23.06.2026 को 2.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 25.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० स० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Toilet, bathroom, hand wash with deep boring and Guard room in KGBV, Ormanjhi | 34.95400 | 0.69908 | 5000.00 | 6 माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, रॉंची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, भवन निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के निबंधित एवं समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग ले सकते है।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1, राँची

PR 382605 NREP(26-27)#D


## गाजर घास उन्मूलन अभियान की शुरुआत

### छात्र-छात्राओं ने लिया स्वच्छ परिसर का संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बनवारी साहू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद तथा छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में फैली गाजर घास को हटाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि गाजर घास एक हानिकारक खरपतवार है, जो पर्यावरण, कृषि और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसके उन्मूलन के लिए जनजागरूकता और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने और ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करना भी है।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट और तम्बाकू कारोबार पर प्रशासन की नजर

# सिसई-भरनो में चला विशेष जांच अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिसई एवं भरनो क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा तंबाकू निषेध टीम द्वारा संयुक्त विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान उपायुक्त गुमला एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी एवं तम्बाकू निषेध पदाधिकारी वंदना स्मिता होरो ने किया। इस दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, किराना दुकानों, होटल, मिठाई दुकानों तथा थोक एवं खुदरा विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, लाइसेंस, पंजीकरण, एक्सपायरी तिथि एवं लेबलिंग मानकों की जांच की गई। निरीक्षण में कुछ खाद्य पदार्थों में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक औद्योगिक रंगों के उपयोग की जानकारी मिलने पर संबंधित सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए भविष्य में ऐसी अनियमितता नहीं करने की चेतावनी दी गई। तंबाकू निषेध टीम ने भी सार्वजनिक स्थलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया। विशेष रूप से विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी रखते हुए दुकानदारों को कोटपा अधिनियम, 2003 तथा संशोधित अधिनियम 2021 के प्रावधानों की जानकारी दी गयी।


**कार्यालय,जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**हजारीबाग**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा जाल आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 639 दिनांक 19.05.2026 के द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजानार्थ जाल आपूर्तिकत्ताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा के लिए निर्गत विहित प्रपत्र में तकनीकी बीड विवरणी एवं वित्तीय बीड दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। तकनीकी बीड/वित्तीय बीड प्रपत्र एवं अन्य सुसंगत शर्ते दिनांक 25.06.2026 को मध्यान 12:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय राशि मो0 2000/– रू0 मात्र का डीमांड ड्राफ्ट जमा कर जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त किया जा सकता है।

नोट :– प्रपत्र कय हेतु भुगतान किये गये डिमांड ड्राफ्ट की राशि वसूलनीय नही होगी एवं किसी भी चरण में सहभागिता हेतु अयोग्य पाये जाने की स्थिति में निविदा को रद्द करने का अधिकार जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग के विवेकाधीन होगा।

नोट :– (विपत्र कय प्रारंभ की तिथि :– 18.06.2026
विपत्र कय की अंतिम तिथि :– 25.06.2026
कय विपत्र जमा करने की तिथि एवं समय :– 29.06.2026 को मध्यान् 12:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि :– 19.06.2026 को अपराहन् 04:00 बजे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR 382561 Fish(26-27)D


## मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा में 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' पर कार्यशाला आयोजित

# प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने दिये महत्त्वपूर्ण टिप्स



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत सीबीएसई द्वारा स्कूली शिक्षा में लागू किए जा रहे 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा थे, जिन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को इस नये बदलाव और क्रेडिट सिस्टम की बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य श्री गुरु चरण वर्मा ने बताया कि यूजीसी और सीबीएसई के सहयोग से तैयार यह क्रेडिट सिस्टम स्कूली शिक्षा का चेहरा बदल देगा। अब छात्र जो भी पढ़ाई या एक्टिविटी करेंगे, उसके क्रेडिट उनके 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' में डिजिटल रूप से जमा होते जायेंगे, जो सीधे उनके 'डिजिलॉकर' से लिंक रहेगा।

**निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर साझा किये विचार**

1. मल्टीपल एंट्री और एग्जिट की सुविधा : उच्च शिक्षा में जाने के बाद छात्र यदि किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं, तो उनके क्रेडिट सुरक्षित रहेंगे। वे जब चाहें वहीं से अपनी पढ़ाई दोबारा शुरू कर सकेंगे, जिससे उनका साल बर्बाद नहीं होगा।
2. 0 से 54 क्रेडिट का ढांचा : कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को हर साल न्यूनतम 40 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य होगा। इसके लिए 30 घंटे की पढ़ाई/सीखने को 1 क्रेडिट के बराबर माना गया है। यदि छात्र स्किल (कौशल) सब्जेक्ट या अतिरिक्त भाषा चुनते हैं, तो वे अपने क्रेडिट को 47 से 54 तक बढ़ा सकते हैं।
3. कक्षा के बाहर की सीख भी होगी शामिल : इस फ्रेमवर्क की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि छात्रों द्वारा घर पर किए जाने वाले प्रोजेक्ट, असाइनमेंट, लैब वर्क, खेलकूद, कला और अन्य अतिरिक्त रचनात्मक कार्यों के घंटों को भी क्रेडिट गणना में जोड़ा गया है।
4. हॉलिस्टिक प्रोग्रेस (सर्वांगीण विकास) : कंपनियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के पास छात्रों का पूरा क्रेडिट प्रोफाइल होगा, जिससे वे न केवल अकादमिक प्रदर्शन बल्कि छात्र के संपूर्ण व्यक्तित्व (360-डिग्री इवैल्यूएशन) को देखकर उन्हें बेहतर अवसर दे सकेंगे।

# मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना की शानदार शुरूआत, अल्जीरिया को 3-0 से हराया



फीफा विश्व कप 2026

एजेंसी

**कैन्सस सिटी :** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए फीफा विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में हैट्रिक लगाई और अर्जेंटीना को अल्जीरिया पर 3-0 की शानदार जीत दिलाई। 38 वर्षीय मेसी ने मैच में तीन गोल दागकर न केवल टीम को जीत दिलाई, बल्कि विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी अब विश्व कप में 16 गोल के साथ जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के बराबर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही मेसी विश्व कप के इतिहास में पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि क्रिस्टियानो रोनाल्डो हासिल कर चुके हैं। अर्जेंटीना ने मुकाबले की शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मेसी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए अल्जीरिया की रक्षा पंक्ति को लगातार परेशान किया। उनके तीनों गोलों ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेसी ने इस मुकाबले के साथ एक और रिकॉर्ड बनाया। वह विश्व कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए और इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ अपने अभियान की दमदार शुरूआत की है और टीम ने खिताब बचाने की दिशा में मजबूत संकेत दिए हैं। अब अर्जेंटीना अपने अगले मुकाबले में इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

## नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरूआत





**बोस्टन :** स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरूआत की। 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नॉर्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। मुकाबले में नॉर्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नॉर्वे को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नॉर्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी। 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया। इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नॉर्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4-1 से समाप्त हुआ। इस जीत के साथ नॉर्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप-आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया



**न्यूयॉर्क :** दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की। मंगलवार को खेले गए ग्रुप-आई मुकाबले में फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया, जिसमें स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले हाफ में सेनेगल ने फ्रांस को कड़ी चुनौती दी और कई मौके भी बनाए, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। फ्रांस की टीम भी शुरूआती 45 मिनट में संघर्ष करती नजर आई। दूसरे हाफ में कोच दिदिए देशां की रणनीति काम आई। माइकल ओलीसे को दाएं विंग से बीच में लाने के बाद फ्रांस के आक्रमण में तेजी आई। इसका फायदा 66वें मिनट में मिला जब ओलीसे के शानदार पास पर एम्बाप्पे ने बॉक्स में दौड़ लगाते हुए गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद फ्रांस ने दबाव बनाए रखा और मैच के अंतिम चरण में ब्रैडली बारकोला ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। हालांकि अतिरिक्त समय में सेनेगल के लिए इब्राहिम एमबाये ने एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया, लेकिन फ्रांस की बढ़त ज्यादा देर तक खतरे में नहीं रही। मैच के 96वें मिनट में एम्बाप्पे ने लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दाग दिया। इस गोल के साथ एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वकालिक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके नाम अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 58 गोल हो गए हैं। विश्व कप इतिहास में भी एम्बाप्पे ने नया मुकाम हासिल किया। उनके विश्व कप गोलों की संख्या 14 हो गई है और अब वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोजे (16 गोल) से सिर्फ दो गोल पीछे हैं। एम्बाप्पे ने इस सूची में पेले, लियोनेल मेसी और जस्ट फोंटेन को पीछे छोड़ दिया है।

## दूसरे वनडे में भारत ने अफगानिस्तान को दिया 403 रनों का लक्ष्य



**लखनऊ :** कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन की शतकों की मदद से भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 403 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 402 रन बनाए। गिल ने 110 गेंदों में 22 चौकों और दो छक्कों की मदद से 154 रन बनाए, जबकि ईशान ने 79 गेंदों में 14 चौकों और सात छक्कों के साथ 125 रनों की पारी खेली। लखनऊ के भारत रत्नअटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दूसरे ओवर में ही आउट हो गए। जायसवाल ने चार रन बनाए। इसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और पारी को आगे बढ़ाया। रोहित अर्धशतक लगाने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन 39 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन बनाकर वह आउट हो गए। दोनों ने मिलकर 87 रनों की साझेदारी की। दो विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए ईशान किशन ने कप्तान गिल के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे। पहले गिल ने शतक लगाया और फिर ईशान ने भी शतक जड़ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 36 ओवर में 300 रन के पार पहुंचा दिया। ईशान ने 37वें ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, लेकिन एक और बड़ा शॉट मारने के दौरान वह कैच आउट हो गए। ईशान ने 79 गेंदों में 125 रन बनाए।

## ईशान किशन का लखनऊ में तूफानी शतक अफगानिस्तान के खिलाफ रचा नया रिकॉर्ड



एजेंसी

**लखनऊ :** इकाना स्टेडियम में बुधवार को भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए केवल 71 गेंदों में शतक पूरा कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ईशान ने शुरूआत संभल कर की और अपना अर्धशतक 52 गेंदों में पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदलते हुए अगली 53 रन केवल 19 गेंदों में बना डाले। शतक पूरा करते ही उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का अभिवादन किया, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने मैदान पर उन्हें गले लगाया। लखनऊ में सबसे तेज शतक का रिकार्ड ईशान के नाम, दूसरे नंबर पर गिल, ईशान के शतक तक पहुंचने वाला क्षण भी बेहद खास रहा। अफगानिस्तान के गेंदबाज बिलाल सामी की गेंद पर उन्होंने शानदार कट शॉट खेलते हुए चौका लगाया और इसी के साथ अपना शतक पूरा किया। यह शतक कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। ईशान किशन अब अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज एकदिवसीय शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा वह लखनऊ में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। इसी मैच में शुभमन गिल ने भी 76 गेंदों पर शतक पूरा किया और लखनऊ के इस मैदान पर सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 35 ओवर में 2 विकेट पर 294 रन बना लिए हैं। गिल 122 और ईशान किशन 122 रन बनाकर खेल रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज वनडे शतक (गेंदों के आधार पर): 57 गेंद - इयॉन मॉर्गन (मैनचेस्टर, 2019), 71 गेंद - ईशान किशन (लखनऊ, 2026), 76 गेंद - ग्लेन मैक्सवेल (मुंबई, 2023 विश्व श्रृंखला), 77 गेंद - शुभमन गिल (लखनऊ, 2026), लखनऊ में खेली गई ।

## एक झलक

### बीसीसीआई ने त्रिकोणीय ए सीरीज में हुए विवाद को लेकर वैभव का किया बचाव

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका में जारी ए टीमों की त्रिकोणीय सीरीज में विवादों में फंसे भारत ए टीम के 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बचाव किया है। इस सीरीज के एक मैच में वैभव और श्रीलंका ए के खिलाड़ी विशेन हलमबागे के बीच झड़प हुई थी। दोनो को ही एक दूसरे का धक्का देते हुए भी देखा गया था। जिससे बाद से ही दोनो पर कार्रवाई की मांग की जा रही थी। इसके बाद से ही ये सवाल उठ रहा था कि इस मामले में बीसीसीआई वैभव पर क्या कार्रवाई करता है। वहीं स पूरे मामले में अब बीसीसीआई का आधिकारिक बयान सामने आया है, जिसमें बोर्ड ने वैभव का समर्थन किया है।
गौरतलब है कि मैच के मैदान पर हुई इस आक्रामक घटना के बाद, वैभव के व्यवहार की आलोचना शुरू हो गयी थी। कई लोगों का मानना था कि खेल के मैदान पर ऐसी आक्रामकता स्वीकार्य नहीं है और एक उभरते हुए खिलाड़ी से धैर्य की उम्मीद की जाती है। इसके बाद भी बोर्ड ने वैभव को फटकार लगाने के बजाय उनका बचाव किया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस पूरे विवाद को एक मामूली बात करार दिया।

### स्टोक्स के बचाव में आये नाथन लियोन

**सिडनी :** नाइटक्लब विवाद को लेकर आलोचनाओं में घिरे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के बचाव में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन आये हैं। लियोन ने स्टोक्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक बताया है और उम्मीद जताई है कि वे अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे।लियोन ने कहा कि उनके मन में इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर के लिए बेहद सम्मान है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ने दृढ़ता से कहा, मैं सच में उम्मीद करता हूं कि यह स्टोक्स के करियर का अंत नहीं है। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मेरी नजर में वह क्रिकेट खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। लियोन ने यह भी उम्मीद जताई कि स्टोक्स अगले साल होने वाली एशेज सीरीज में मैदान पर जरूर नजर आएंगे ।





सेरेना विलियम्स और उनकी जोड़ीदार चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा युगल मुकाबले में खेलती हुई।

## दूसरी साउथ एशियन थ्रोबॉल चैम्पियनशिप 2026 का रंगारंग शुभारम्भ

■ खेल सदभावना, भाईचारे वं अंतरराष्ट्रीय मैत्री संबंधों को सुदृढ़ बनाने का सशक्त माध्यम है : राधाकृष्ण किशोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में आयोजित दूसरी साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 का आज भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों से आए खिलाड़ियों, खेल पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार के मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि विभिन्न देशों एवं संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भाईचारा और मैत्री संबंधों को मजबूत करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्रीय सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर साउथ एशियन थ्रोबॉल फेडरेशन के डायरेक्टर श्री बी. एम. शाहिद एवं स्पार्टन कंपनी के महाप्रबंधक श्री धीरज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। चैंपियनशिप में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल एवं भूटान की पुरुष एवं महिला टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए लीग मुकाबलों में भारतीय पुरुष एवं महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी शुरूआत की।

## झारखंड

## होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर नगर परिषद सख्त, शहर में विशेष जांच अभियान शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक के निर्देश पर नगर परिषद झुमरी तिलैया द्वारा शहर सभी भवनों का री-असेसमेंट अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 11 जून 2026 को निदेशक, सूडा झारखंड नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस तथा उपायुक्त कोडरमा की राजस्व संग्रहण समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में चलाया जा रहा है।बैठक में होल्डिंग टैक्स नहीं देने वाले अथवा वास्तविक स्थिति से कम टैक्स का भुगतान करने वाले भवनों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में बुधवार को नगर परिषद की टीम ने वार्ड संख्या-15 स्थित अड्डी बंगला रोड क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध निर्माण, व्यावसायिक भवनों, व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस), अवैध जल संयोजनों तथा भवनों के पुनर्मूल्यांकन (री-असेसमेंट) का कार्य शुरू किया। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने क्षेत्र में स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही भवनों के उपयोग, होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस एवं जल कनेक्शनों की स्थिति की जांच की गई। टीम ने संबंधित भवन स्वामियों एवं व्यवसायियों से आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर अभिलेखों का मिलान भी किया।

## मुहर्रम को लेकर तिलैया थाना में शांति समिति की बैठक, एसडीपीओ ने दिये जरूरी दिशा-निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर तिलैया थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कोडरमा एसडीपीओ (रउ्द्धड) के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें आगामी त्योहार को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशासनिक और नगर परिषद के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से शामिल हुए, जिनमें शामिल हैं: विनय कुमार (तिलैया थाना प्रभारी),रवि भूषण प्रसाद (अंचल अधिकारी - उ.ड.),रमेश हर्षधर (नगर परिषद अध्यक्ष), लिमांशु कुमार (सिटी मैनेजर), सुबोध सिंह (सब-इंस्पेक्टर - सतबीर सिंह,अधिकारियों ने दिए सुरक्षा और व्यवस्था के निर्देश, बैठक के दौरान एसडीपीओ ने मुहर्रम के जुलूस और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।?साथ ही, नगर परिषद अध्यक्ष और सिटी मैनेजर को जुलूस के रूट में साफ-सफाई, बिजली के झूलते तारों को दुरुस्त करने और पानी की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। थाना प्रभारी विनय कुमार और अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

## उपायुक्त ऋतुराज ने दुलमी की विभिन्न योजनाओं विद्यालयों, प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुलमी (रामगढ़) :** उपायुक्त ऋतुराज ने दुलमी प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने बरदबेचवा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में संचालित सेवाओं की समीक्षा करते हुए लाभुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। इसके पश्चात उन्होंने इचातु पंचायत भवन का निरीक्षण किया तथा पंचायत परिसर में आयोजित गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके बाद उपायुक्त ने स्थानीय उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया तथा स्वयं कक्षा लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं पठन-पाठन की व्यवस्था की भी समीक्षा की।

प्रमंडलीय आयुक्त ने राजस्व, भू-अर्जन व खनन की समीक्षा की, लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन के दिये निर्देश

# आमजनों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध करायें : आयुक्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जिले के उपायुक्त, सभी अंचल अधिकारियों, अवर निबंधक, भूमि सुधार उपसमाहर्ता तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय वादों के निष्पादित एवं लंबित मामलों, भू-अर्जन एवं भू-हस्तांतरण, जिला आंतरिक संसाधन समिति, जिला टास्क फोर्स (अवैध खनन की रोकथाम) तथा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने दाखिल-खारिज, रसीद निर्गत, रजिस्ट्री तथा आवासीय, जाति एवं आय प्रमाण-पत्रों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े तथा सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान में विलंब नहीं होना चाहिए और जनहित के मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।भू-अर्जन एवं भू-हस्तांतरण मामलों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने परियोजनाओं से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए भूमि हस्तांतरण से संबंधित मामलों का त्वरित समाधान आवश्यक है।राजस्व संग्रहण की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनन, उत्पाद, निबंधन, परिवहन, वाणिज्य कर, कृषि, माप एवं तौल, बाजार समिति, मत्स्य तथा नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों के वार्षिक लक्ष्य एवं उपलब्धियों का आकलन किया। सभी विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की राजस्व प्राप्ति एवं प्रगति की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की।परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उत्पाद विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियानों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सघन छापेमारी अभियान चलाकर ऐसी गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया।खनन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने विभिन्न घाटों से हो रहे अवैध बालू उठाव एवं अन्य अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत निगरानी एवं सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।आयुक्त ने लंबित दाखिल-खारिज मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दाखिल-खारिज मामलों में अनावश्यक लंबितता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम रतन वर्णवाल, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# शेयर बाजार की तेजी जारी, 77 हजार के पार पहुंचा सेंसेक्स



नयी दिल्ली : कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट का रुख बनने की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार में सेंसेक्स एक बार फिर 77 हजार अंक के स्तर के ऊपर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 24 हजार अंक के ऊपर खुलकर 24 हजार अंक के ऊपर ही बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, बैंकिंग, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़कर 475.17 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 471.69 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.48 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,443 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,404 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,876 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 163 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,699 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,309 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 271.61 अंक की मजबूती के साथ 77 हजार अंक के स्तर को पार कर 77,080.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक 39.99 अंक की कमजोरी के साथ 76,768.49 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे के थोड़ा देर पहले इस सूचकांक 410.51 अंक की बढ़त के साथ 77,218.99 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक में की चाल में मामूली गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 347.14 अंक की तेजी के साथ 77,155.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 55.40 अंक उछल कर 24,044.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक थोड़ी देर में ही 19.45 अंक की गिरावट के साथ 23,969.70 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद लिवालों ने खरीदारी शुरू कर दी, जिसकी वजह से निफ्टी की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 11:30 बजे के करीब यह सूचकांक 119.05 अंक की तेजी के साथ 24,108.20 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई।

## मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से विकसित होने वाला व्यापार अनुकूल राष्ट्र : खंडेलवाल



नयी दिल्ली : प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ज्यादा मजबूत, तीव्र गति से विकसित होने वाला और व्यापार अनुकूल राष्ट्र बना है। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में सुधार, सुशासन और विकास के जिस संकल्प के साथ यात्रा प्रारंभ हुई थी, वह आज विकास, नवाचार और समावेशी प्रगति के वैश्विक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। खंडेलवाल ने भारत की आर्थिक स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में लगभग 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला भारत आज चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2014-15 के लगभग 106 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 330 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर पांच प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्तियों में शामिल है। इसके साथ ही आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है, विदेशी मुद्रा भंडार भी ऐतिहासिक स्तर पर है तथा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीएफआई) के नए रिकॉर्ड बने हैं। यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान क्रांति ने भारत को फिनटेक नवाचार और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान किया है। खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता रही है। जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), डिजिटल इंडिया, फेसलेस टैक्स असेसमेंट, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम, पीएम गतिशक्ति, श्रम सुधार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेईएम) तथा डिजिटल गवर्नेंस के विस्तार जैसे ऐतिहासिक सुधारों ने भारत में पारदर्शी, दक्ष एवं निवेश-अनुकूल कारोबारी वातावरण तैयार किया है।

## दिल्ली में अनाज भंडारण के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम का उद्घाटन आज

नयी दिल्ली : केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी दिल्ली के भारत मंडपम के लीडर्स लाउंज में गुरुवार को एक कार्यक्रम में अनाज भंडारण के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया और बीएल वर्मा भी उपस्थित रहेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर डिपो दर्पण के तहत केंद्रीय भंडारण निगम और भारतीय खाद्य निगम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गोदामों को सम्मानित किया जाये२गा।

## सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख



नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 180 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई है। चांदी के भाव में भी आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमी आई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नेस्ले इंडिया ने झारखंड में शुरू किया 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट, 1,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण



रांची : नेस्ले इंडिया ने राज्य में प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' का विस्तार करने के लिए फूड सेफ्टी, झारखंड और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ सहयोग किया है। इस परियोजना के तहत, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग और टाटा में 1,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देगा, जिससे राज्य में प्रशिक्षित स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की कुल संख्या 5,600 से अधिक हो जाएगी।प्रोजेक्ट ह्यसर्व सेफ फूडह्ल के तहत अब तक 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 1,20,000 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, कचरा निपटान और उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षण देकर लाभ पहुंचाया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विक्रेताओं को खाद्य प्रबंधन की बेहतर प्रक्रियाओं को अपनाने और अपने कामकाज में सुधार लाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरेंद्र प्रसाद भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से लेकर यहां के लोगों की गर्मजोशी और जीवंतता तक, झारखंड आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। स्ट्रीट फूड इस संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम इसे और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं 'सर्व सेफ फूड' पहल को आगे बढ़ाने और पूरे राज्य में सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया, फूड सेफ्टी विभाग, झारखंड सरकार और नेस्ले इंडिया के बीच हुए सहयोग की सराहना करता हूं।

## सोनी सब का 'यादें' दर्शकों के लिए रिलेटेबल रहता : अर्जुन पुंज



मुंबई : ह्यूमर, दिल और रोजमर्रा की ज़िंदगी के मेल के साथ यादें लगातार ऐसी कहानियां पेश कर रहा है, जिन पर दर्शक मुस्कुरा सकें। यह साबित करता है कि मेडिकल मिस्ट्रीज भी मजेदार अंदाज में दिखाई जा सकती हैं, जब उन्हें सोनी सब के तरीके से सुनाया जाये। शो केकई किरदारों में से एक है डिग्गी, जिसे अर्जुन पुंज निभा रहे हैं। डॉ. सृष्टि (गुलकी जोशी) की ज़िंदगी में डिग्गी की अहमियत बढ़ती जा रही है। अपने शांत स्वभाव, परिपक्व सोच और संतुलित नजरिए के लिए विशेष पहचान रखने वाले डिग्गी अक्सर उन हालातों में स्थिरता लाते हैं, जो भावनात्मक टकराव से भरे होते हैं। इस बातचीत में अर्जुन पुंज डिग्गी के व्यक्तित्व को समझने, मुश्किल हालातों में जमीन से जुड़े रहने वाले किरदार को निभाने, कास्ट के साथ काम करने के अपने अनुभव और आने वाले एपिसोड्स में दर्शक डिग्गी से क्या उम्मीद कर सकते हैं। 1. डॉ. सृष्टि की ज़िंदगी में डिग्गी का अहम रोल है। डिग्गी शांत, संतुलित और बेहद सहज इंसान हैं, ऐसे शख्स, जो मुश्किल हालात या भावनाओं में बहकर कभी अपना धैर्य नहीं खोते।

## एक झलक

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मालवाहक सेवाएं शुरू

नयी दिल्ली : नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री सेवा के बाद कार्गो सेवा की शुरुआत हो गई है। उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर बुधवार सुबह पहली कार्गो फ्लाइट उतरी। जेवर के नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहला मालवाहक विमान आज सुबह चेन्नई से यहां पहुंचा। हवाई अड्डे पर मालवाहक विमान पर वाटर कैनन से पानी बरसा कर उसका स्वागत किया गया। नोएडा एयरपोर्ट पर कार्गो सर्विस शुरू होने पर पश्चिमी यूपी के व्यापारियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। इस एयरपोर्ट पर मालवाहक संचालन के लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) ने मालवाहक उड़ानों के लिए हवाई अड्डे पर लगभग करीब 80 एकड़ में मालवाहक केंद्र विकसित किया है। मालवाहक सेवाओं के लिए कंपनी बोइंग 737-800 के विमानों का इस्तेमाल करती है। यमुना इंटरनेशनल हवाई अड्डा प्राइवेट लिमिटेड के वाइस चेयरमैन क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि इससे क्षेत्र में संपर्क बढ़ेगा और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ान सेवा शुरू होने के अगले दिन मंगलवार को अकासा एयर ने नोएडा से नवी मुंबई और बंगलुरु के लिए उड़ानें शुरू की हैं। एयरपोर्ट पर दूसरे दिन 12 विमान उतरे और सभी अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरी।

### भारत में लॉन्च हुई ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी

रांची : ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है। लेटेस्ट जनरेशन की यह कंट्रीमैन अब 'मेड इन इंडिया' होगी और इसे बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय स्तर पर केवल पेट्रोल वेरिएंट में तैयार किया जाएगा। इस कार की बुकिंग सभी मिनी इंडिया ऑथराइज्ड डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी भी तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी जाएगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा, हऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी निश्चित रूप से 'एक नए प्रकार का बड़ा रूप' है। यह मिनी के पुराने लुक को खूबसूरती से एक शानदार एसयूवी में बदलता है, जो अपने दमदार लुक और पारिवारिक सफर के लिए तैयार किए गए अत्यधिक व्यावहारिक केबिन के साथ आती है और यह सब हमारी आइकॉनिक गो-कार्ट अहसास को पूरी तरह बरकरार रखते हुए किया गया है। हम इस बात से बेहद उत्साहित हैं कि इस कार का निर्माण अब भारत में किया जाएगा, जो हमारे पोर्टफोलियो को रणनीतिक रूप से मजबूत बनाएगा और ग्राहकों को एक बेहतरीन वैल्यू प्रपोजिशन देगा।

### दीक्षा पॉलिमर्स का आईपीओ लॉन्च, 24 जून को हो सकती है लिस्टिंग

नयी दिल्ली : पेट बॉटल और कंटेनर का उत्पादन करने वाली कंपनी दीक्षा पॉलिमर्स लिमिटेड का 17.90 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 19 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 22 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जायेंगे।

## जियोफाइनेंस ऐप पर अब अतिरिक्त बैलेंस का निवेश होगा आसान, जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड जुड़ा

- जियो पेमेंट्स बैंक के Savings Pro फीचर में जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड शामिल
- ग्राहक 5,000 से 1.50 लाख तक की सीमा तय कर सकेंगे
- 50,000 या निवेश की 90% रकम तक इंस्टेंट रिडेम्पशन की सुविधा

मुम्बई : जियोफाइनेंस ऐप पर अब ग्राहक अपने खाते में रखी अतिरिक्त रकम को आसानी से निवेश में लगा सकेंगे। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट ने जियो पेमेंट्स बैंक के 'Savings Pro' फीचर में जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड को जोड़ा है। इस सुविधा का लाभ जियो पेमेंट्स बैंक के सेविंग्स और सैलरी अकाउंट ग्राहक उठा सकेंगे। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और दुनिया की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कमापनियों में शामिल ब्लैकरॉक का ज्वाइंट वेंचर है।

Savings Pro को सेविंग्स और निवेश को एक साथ जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस फीचर के तहत ग्राहक अपने बैंक खाते में एक तय सीमा से ऊपर पड़े अतिरिक्त बैलेंस को ओवरनाइट म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकेंगे। इसका मकसद ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग की सुविधा के साथ निवेश तक आसान पहुंच देना है। ग्राहक इस सुविधा में ऑटो-इन्वेस्ट विकल्प चुन सकते हैं। इसमें तय सीमा से ऊपर की रकम रोजाना अपने-आप निवेश हो जाएगी। इसके अलावा वन-टाइम इंवेस्टमेंट का विकल्प भी मिलेगा, जिसके जरिए ग्राहक तुरंत निवेश कर सकेंगे। ग्राहक 5,000 से 1,50,000 के बीच अपनी सीमा तय कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म के जरिये रोजाना निवेश की अधिकतम सीमा 1,50,000 होगी। इस सुविधा में पैसा निकालने की व्यवस्था भी रखी गयी है। ग्राहक 50,000 या निवेश की गयी रकम के 90 प्रतिशत, जो भी कम हो, तक की राशि तुरंत रिडीम कर सकेंगे। इससे अधिक राशि के लिए रिडेम्पशन अनुरोध T+1 आधार पर प्रोसेस होगा। इस सुविधा में कोई एंट्री लोड, एग्जिट लोड, लॉक-इन पीरियड या हिडन चार्ज नहीं होगा। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सिड स्वामीनाथन ने कहा कि ग्राहक आज अतिरिक्त बैलेंस को मैनेज करने के लिए आसान और डिजिटल तरीके चाहते हैं। इस इंटीग्रेशन के जरिए डिजिटल बैंकिंग की सुविधा को ओवरनाइट फंड सॉल्यूशन तक पहुंच के साथ जोड़ा जा रहा है। जियो पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विनोद ईश्वरन ने कहा कि बैंक ग्राहकों के लिए डिजिटल फाइनेंशियल सॉल्यूशंस को और मजबूत करने पर काम कर रहा है। उनके मुताबिक Savings Pro अतिरिक्त बैलेंस को मैनेज करने का सुविधाजनक तरीका है, जिसमें लचीलापन, लिक्विडिटी और आसान पहुंच बनी रहती है। Savings Pro की ऑनबोर्डिंग पूरी तरह डिजिटल होगी। ग्राहक जियोफाइनेंस ऐप पर आधार और वीडियो ङउ के जरिए इस सुविधा का इस्तेमाल शुरू कर सकेंगे। ऐप के जरिए वे अपनी निवेश सीमा तय या बदल सकेंगे, निवेश को ट्रैक कर सकेंगे और ट्रांजैक्शन की जानकारी देख सकेंगे। कम्पनी के मुताबिक यह इंटीग्रेशन रोजमर्रा की बैंकिंग और निवेश सुविधा को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की दिशा में एक कदम है।

## पेज एक के शेष

**झारखण्ड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव से ग्रामीण महिलाओं की बदल रही तकदीर...**

**ग्रामीण महिलाओं की मेहनत को मिला 'पलाश' का सम्मान**

**इस** पूरी मुहिम के केन्द्र में झारखण्ड की ग्रामीण सखी मंडल की दीदियां और महिला किसान हैं। 'ग्रामीण महिलाओं की श्रम शक्ति का सम्मान' के नारे के साथ ये दीदियां आम के कलेक्शन, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से लेकर उनकी बिक्री और मार्केटिंग की कमान खुद सम्भाल रही हैं। जेएसएलपीएस द्वारा किसानों को सक्रिय फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें संगठित बाजार और सही मूल्य मिल पा रहा है।

**दुबई और लंदन तक पहुंचा झारखण्ड का आम मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड के कृषि उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य ने निर्यात के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। सिमडेगा ज़िले से जेबी एक्सपोर्टर्स के माध्यम से 1,580 किलोग्राम प्रीमियम आम सीधे लंदन (यूके) भेजे गये हैं। वहीं, रामगढ़ क्लस्टर से 1,500 मीट्रिक टन से अधिक आम दुबई (यूएई) निर्यात किये गये हैं। इस वैश्विक निर्यात पहल में सिमडेगा, रामगढ़ और पूर्वी सिंहभूम जैसे ज़िले अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आम की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाये रखने के लिए क्ऊअफ-फ्ळएफ, पलांडू द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन और क्वालिटी प्रोटोकॉल प्रदान किया जा रहा है।

**सुव्यवस्थित बाजार और रिटेल लिंकेज**

**आमों** की गुणवत्ता के आधार पर बाजार को तीन श्रेणियों Grade A, B, C में विभाजित कर सुव्यवस्थित किया गया है, ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। ग्रेड-ए प्रीमियम क्वालिटी के इन आमों को अढएऊअ प्रमाणित निर्यातकों के माध्यम से यूएई, सऊदी अरब और यूके जैसे देशों में निर्यात किया जा रहा है। साथ ही, घरेलू बाजार में इन्हें पलाश मार्ट और अपना मार्ट के आउटलेट्स पर 60 रुपये प्रति किलो की दर से सह-ब्रांडेड पैकेट में बेचा जा रहा है। गुमला के FPOs ने अकेले अपना मार्ट को 2,000 किलो आम की आपूर्ति की है। ग्रेड-बी के तहत संगठित खुदरा बाजारों और पलाश के रिटेल चैनलों में बाजार दरों पर भेजा जा रहा है। ग्रेड-सी के तहत आम जनता तक पहुंच बनाने के लिए इन्हें स्थानीय बाजारों, पलाश कैनोपी कियोस्क, बस स्टैंडों, जिला मुख्यालयों और साप्ताहिक हाट-बाजारों के माध्यम से बेचा जा रहा है।

करोड़ों का कारोबार और भविष्य की योजनाएं राज्य में सक्रिय लगभग 115 FPOs को पलाश मैंगो कैनोपी काउंटर्स से जोड़ा गया है, जो जिला-वार संग्रह और बिक्री का काम देख रहे हैं। इन काउंटर्स के माध्यम से अब तक झारखण्ड में लगभग 2,24,200 किलोग्राम आमों की बिक्री की जा चुकी है, जिससे ?60.51 लाख से अधिक का कारोबार हुआ है। बाजार को और मजबूत करने के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर फार्मर्स मेला तथा बायर-सेलर मीट आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा, बाजार विस्तार के लिए ब्लिंकिट, रिलायंस फ्रेश और कशिश मॉल जैसे कॉर्पोरेट के साथ भी बातचीत अंतिम चरण में है।

**साझा विकास से उम्मीदों को हकीकत में बदला जा सकता है : प्रधानमंत्री...**

दिया कि आईएमईसी के विजन की तरह ही हमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और प्रशांत द्वीप देशों के साथ 'सम्पर्क परियोजनाओं' पर काम करना चाहिए। उन्होंने सम्पर्क परियोजनाओं और व्यापार को तेज करने के लिए 'इंटरनेशनल मोबिलाइजेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड' (इम्पेक्ट) बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इसे जी7 की पूंजी, भारत की प्रतिभा और 'वैश्विक दक्षिण' देशों की भागीदारी से बनाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने 'ग्लोबल स्किल्स पार्टनरशिप' बनाने का भी आह्वान किया और कहा कि हम कौशल मैपिंग और भरोसेमंद कुशल लोगों की आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज कई समाज बूढ़े होते जा रहे हैं, जबकि भारत और 'वैश्विक दक्षिण' के अन्य देशों में युवा प्रतिभा, उद्यमिता और कौशल की भरमार है।

**एफटीए को शीघ्र अपनाने पर दिया जोर...**

अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में यह विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार नेताओं ने जनवरी 2026 में मंजूर किये गये संयुक्त भारत-ईयू व्यापक रणनीतिक एजेंडा पर हुई प्रगति पर चर्चा की और इस बात पर सहमति जतायी कि इससे भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी तथा दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद और परिवर्तनकारी परिणाम सामने आयेंगे।

आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करते हुए नेताओं ने पश्चिम एशिया में हुए घटनाक्रमों का स्वागत किया। उन्होंने शांति और स्थिरता, समृद्धि तथा सतत विकास में योगदान देनेवाली एक मजबूत बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था बनाने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

उल्लेखनीय है कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र और खुले बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं तथा विविधतापूर्ण समाज के तौर पर भारत और ईयू के बीच भरोसे, साझा मूल्यों और भविष्य के लिए एक समान दृष्टिकोण पर आधारित सम्बन्ध हैं।

नेताओं ने जनवरी 2026 में भारत में आयोजित 16वें भारत-ईयू समिट के बाद से भारत-यूरोपीय संघ के द्विपक्षीय सम्बन्धों में हुई उल्लेखनीय प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत के हालिया समापन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

**विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर जोर...**

की और भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी में आयी नयी गति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, हरित और टिकाऊ विकास, तकनीक, इनोवेशन, शिक्षा और आवाजाही के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप पर हस्ताक्षर और जर्मनी से होकर गुजरनेवाले भारतीय नागरिकों के लिए ट्रांजिट वीजा छूट को लागू करने का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इनमें पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन संघर्ष शामिल हैं। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए बनी सहमति का भी स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी 2026 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनायेंगे। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह दूसरी मुलाकात है।

**झारखंड एटीएस अब सीआईडी के अधीन करेगी कार्य...**

डीजीपी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि एटीएस अपने सभी कार्यों में उच्च स्तरीय गोपनीयता बनाये रखे और जांच सम्बन्धी सभी प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के अनुसार ही संचालित की जायें।

इस निर्णय को राज्य में आतंकवाद और संगठित अपराध पर निगरानी और नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक कदम माना जा रहा है।

**देश का रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा...**

उपक्रमों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का कुल उत्पादन में करीब 76 फीसदी हिस्सा रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 24 फीसदी रहा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 22 फीसदी से अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का हिस्सा लगभग 42,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह रक्षा इकोसिस्टम में इसकी बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। पिछले कुछ वर्षों में रक्षा के उत्पादन में हुई वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात को हासिल करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा उत्पादन विभाग और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रगति देश के बढ़ते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि निरन्तर नीतिगत समर्थन, कई नयी पहलों, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और निर्यात क्षमताओं में वृद्धि के साथ, रक्षा उत्पादन क्षेत्र आने वाले वर्षों में और भी तेजी से विकास करने के लिए तैयार है।

**राज्यसभा चुनाव से पहले राजग विधायकों ने दिखायी एकजुटता, मॉक पोल का प्रशिक्षण...**

कार्यक्रम में उपस्थित राजग विधायक गठबंधन समर्थित उम्मीदवार की जीत को लेकर आश्वस्त और उत्साहित नजर आये।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पर होटल राजनीति का आरोप लगानेवाली कांग्रेस को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि बीएनआर होटल में उसके विधायक किस उद्देश्य से ठहरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सार्वजनिक रूप से कुछ और कहती है, जबकि व्यवहार में कुछ और करती है।

आदित्य साहू ने दावा किया कि राजग के सभी विधायक एकजुट हैं और गठबंधन समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी के समर्थन में मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी की जीत शत-प्रतिशत सुनिश्चित है। साथ ही, उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्षी खेमे के कुछ विधायक भी अंतरात्मा और राष्ट्रहित को ध्यान में रख कर मतदान कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस द्वारा बाहरी नेताओं को पोलिंग एजेंट बनाये जाने पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने झारखंड प्रभारी के. राजू और सह प्रभारी श्रीवेल्ला प्रसाद को पोलिंग एजेंट बनाया है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या झारखंड कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर पार्टी को भरोसा नहीं है। इस दौरान होटल रेडिशन ब्लू में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, जदयू विधायक सरयू राय सहित भाजपा, आजसू और सहयोगी दलों के कई विधायक मौजूद रहे।

राज्यसभा चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख राजनीतिक गठबंधनों की सक्रियता बढ़ गयी है और मतदान से पहले राजनीतिक रणनीतियों का दौर अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

## एक झलक

### भारतीय-रेस्तरां पर बंद होने का खतरा

**लंदन** : ब्रिटेन में मौजूद सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी पर बंद होने का खतरा बढ़ गया है। जिस इमारत में यह रेस्तरां चलता है, उसका मालिक क्राउन एस्टेट है। क्राउन एस्टेट ब्रिटेन की एक बड़ी सरकारी संपत्ति संस्था है, जो राजा या रानी के नाम पर चलती है। अब क्राउन एस्टेट वीरास्वामी की इमारत में कुछ बदलाव और नया निर्माण करना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने रेस्तरां का किराये का समझौता (लीज) आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है।
वीरास्वामी रेस्तरां की जून 2025 में लीज खत्म हो गई थी। रेस्तरां का कहना है कि अगर लीज नहीं बढ़ाई गई तो उसे 100 साल पुरानी अपनी जगह छोडनी पड़ेगी। इसलिए रेस्तरां ने इस फैसले को चुनौती देने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

### भारत के बेने मेनाशे समुदाय को इजराइल लायेगी नेतन्याहू सरकार

**तेल अवीवी** : इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मिजोरम और मणिपुर में रहने वाले बेने मेनाशे समुदाय के सभी शेष सदस्यों को अगले चार वर्षों में इजराइल लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समुदाय यहूदी लोगों का अभिन्न हिस्सा है और इजराइल उनका घर है। हाल ही में इजराइल के नोफ हा-गलील शहर में बसे भारतीय मूल के यहूदी प्रवासियों को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूत संबंधों के कारण दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है।

### भारत ने श्रीलंका को दी 50 लाख डॉलर की सैन्य सहायता

**कोलम्बो** : भारत ने अपनी पड़ोसी पहले नीति और महासागर विजन के तहत श्रीलंकाई सेना को 50 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का सैन्य साजो-सामान और ट्रॉमा केयर उपकरण दान किया है। इस कदम से दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि होती है। भारत के रक्षा मंत्रालय से स्वीकृत सहायता भारतीय सेना के ऑपरेशनल स्टॉक से उपलब्ध कराई गई थी। श्रीलंकाई रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह सामान आधिकारिक तौर पर डिफेंस हेडक्वार्टर कॉम्प्लेक्स के आर्मी हेडक्वार्टर में आयोजित समारोह में सौंपा गया। इस कार्यक्रम में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा, श्रीलंका के रक्षा सचिव एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड) संपत थुयाकोंथा और श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो मौजूद थे।

# भारत और थाईलैंड रक्षा क्षमता विकास में सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमत

### दोनों देशों ने द्विपक्षीय सम्बन्ध रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक किये उन्नत

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : थाईलैंड के बैंकॉक में हुए 10वें रक्षा सम्मेलन में भारत के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। दोनों देशों ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
थाईलैंड के रक्षा उप स्थायी सचिव एडमिरल नट्टापोल डिएववानिच और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव सत्यजीत मोहंती की सह-अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकसित हो रहे सुरक्षा परिवेश पर चर्चा के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को मजबूत करने के महत्व को दोहराया।
प्रतिनिधिमंडलों ने पिछली वार्ता के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। चर्चा में वर्तमान में जारी सैन्य समन्वय, क्षमता निर्माण पहल, प्रशिक्षण




आदान-प्रदान, समुद्री सहयोग और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस संवाद में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा उद्योग सहयोग की भी समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने अपने-अपने रक्षा तंत्रों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार और क्षमता विकास में सहयोग को और गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की।
प्रतिनिधिमंडलों ने दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के नेतृत्व वाले तंत्रों सहित क्षेत्रीय और बहुपक्षीय रक्षा ढांचों के अंतर्गत सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करने और संवाद एवं सहयोग के माध्यम से साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बैठक का समापन भविष्य की गतिविधियों और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के साथ हुआ।

# भारत का इतिहास संघर्ष और स्वाभिमान की गाथा : भागवत

एजेंसी

**उदयपुर** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप या उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रतिरोध का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों और स्वयं मुगल इतिहासकारों के विवरणों से स्पष्ट होता है कि हल्दीघाटी में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी।
भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्र चेतना संकल्प सभा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देशभर में महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र अपने उन महापुरुषों को स्मरण करता है जिन्होंने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया।
उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध में सेना, संसाधन और शस्त्रों के स्तर पर मुगल साम्राज्य का पलड़ा भारी था। महाराणा प्रताप के पास सीमित साधन थे, धन कम था और सैन्य शक्ति भी अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी उन्होंने संघर्ष का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत का समाज कभी भी पराधीनता को सहज रूप से स्वीकार करने वाला नहीं रहा। जब भी किसी आक्रांता ने इस भूमि पर अधिकार करने का प्रयास किया, उसी क्षण से उसके प्रतिरोध की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई।
सरसंघचालक ने कहा कि इतिहास के अनेक प्रसंगों को समय-समय पर एक विशेष नैरेटिव के तहत प्रस्तुत किया गया। हल्दीघाटी के युद्ध के संदर्भ में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मुगल इतिहासकारों के विवरणों में स्वयं उल्लेख मिलता है कि युद्ध के दौरान मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा था। यदि युद्ध के विभिन्न चरणों में मुगल सेना को लगातार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और युद्ध के बाद भी वह भय और असुरक्षा की स्थिति में रही, तो यह विचार करना आवश्यक है कि वास्तविक विजय किसकी थी।
भागवत ने युद्ध के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले आक्रमण में मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा। दूसरे चरण में प्रताप की सेना के पराक्रम का ऐसा प्रभाव दिखाई दिया कि शत्रु पक्ष के प्रमुख योद्धाओं को भारी क्षति उठानी पड़ी। उन्होंने चेतक के अद्वितीय साहस और युद्ध कौशल का भी उल्लेख किया। तीसरे चरण के युद्ध के बाद मुगल सेना की स्थिति ऐसी थी कि वह खुले रूप से आगे बढ़ने का साहस नहीं कर सकी और स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयासों में लगी रही।
उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास उन लोगों का इतिहास नहीं है जो पराजित होकर बैठ गए, बल्कि उन लोगों का इतिहास है जिन्होंने निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम से उठी वह आक्रामक लहर, जिसने स्पेन से लेकर साइबेरिया तक अपना प्रभाव स्थापित किया था, भारत में भी प्रवेश करना चाहती थी, किंतु बप्पा रावल, ललितादित्य और अन्य वीरों के कारण उसे यहां अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।
सरसंघचालक ने कहा कि महाराणा प्रताप को 'हिंदुआ सूरज' कहा जाता है। उन्होंने कभी अपने धर्म, स्वाभिमान और मूल्यों से समझौता नहीं किया। उनका संघर्ष किसी व्यक्तिगत स्वार्थ या सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं था, बल्कि समाज, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए था। उन्होंने अपने जीवन से यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि आदर्श शासन और लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना किस प्रकार की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन और कृतित्व पर अभी भी व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।



### भारतीय समाज ने अनेक कठिनाइयों का किया सामना

**भागवत** ने कहा कि भारतीय समाज ने अनेक कठिनाइयों और संघर्षों का सामना किया, किंतु अपनी संस्कृति और धर्म को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि समाज में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्र और संस्कृति पर संकट आता है तो भारत का समाज एकजुट होकर खड़ा हो जाता है। हालांकि केवल संकट के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी समाज को संगठित और एकताबद्ध रहने की आवश्यकता है। महाराणा प्रताप का जीवन भी इसी संदेश का प्रतीक है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार विजेताओं या सत्ता के निकट रहने वाले लोगों द्वारा इतिहास को अपने दृष्टिकोण से लिखा गया। उन्होंने बाबू कुंवर सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में उन्होंने अपना राज्य पुनः प्राप्त किया और लंबे समय तक स्वतंत्र शासन भी किया, किंतु इतिहास के कुछ विवरणों में घटनाओं को अलग रूप में प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार हल्दीघाटी के युद्ध के संबंध में भी तथ्यों की पुनर्समीक्षा की आवश्यकता है।

# मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में पेश होगा यूसीसी विधेयक : मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह विधेयक इसी सत्र में पारित हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों को लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक समान कानून लागू करने की भावना में कुछ भी गलत नहीं है और यह समाज में समानता लाने का प्रयास है। उत्तराखंड, गुजरात और असम जैसे राज्यों में यूसीसी लागू किया जा चुका है। मध्य प्रदेश भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। समान नागरिक संहिता को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें जनजातीय समुदाय अलग रहेगा। कमेटी राय ले रही है। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल ने चाहा तो विधानसभा के इसी सत्र में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होगा और मध्य प्रदेश भी जल्द ही इस कानून को लागू करने वाला राज्य बन जाएगा। मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह पांच दिवसीय सत्र 24 जुलाई तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश में समान नागरिक संहिता की व्यवहारिकता जांचने और इसका मसौदा तैयार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है।



### जीटीए में अनित थापा के बाद डिप्टी चीफ और पंचायत अध्यक्ष ने भी छोड़ा पद

**दार्जीलिंग** : गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) में इस्तीफों का सिलसिला जारी है। बुधवार को अनित थापा के चेयरमैन पद से इस्तीफे के बाद अब डिप्टी चेयरमैन सांचबीर सुब्बा ने भी अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। वहीं, दूसरी ओर कर्सियांग पंचायत समिति की अध्यक्ष अनु छेत्री ने भी पद छोड़ दिया है। अपने इस्तीफे को लेकर अनु छेत्री ने कहा कि राज्य की नई सरकार पर पहाड़ के लोगों का भरोसा है और सभी को उम्मीद है कि डबल इंजन सरकार के जरिए पहाड़ की समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा कि वह भी स्थायी समाधान चाहती है, इसलिए उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया।

### राहुल गांधी का छात्र संवाद कार्यक्रम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : भाजपा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कोटा में छात्र संवाद कार्यक्रम को लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए उनपर नीट परीक्षा से ठीक तीन दिन पहले इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि मात्र तीन दिन के बाद नीट की परीक्षा दोबारा संपन्न होने जा रही है। इस विषय को लेकर जहां एक तरफ सभी छात्र पूर्ण मनोयोग से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वहीं सरकार पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ इस पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए कमर कसे हुए है।
उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सरकार संवेदनशीलता के साथ काम करती हुई दिखाई दे रही है, वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कुटिलता का प्रयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्र जीवन में भी असफल रहे, जिस कंपनी में नौकरी की वहां भी असफल रहे, कंपनी चलाई वहां भी असफल रहे और नेता के रूप में भी असफल रहे।

### माधुरी दीक्षित ने आलोचनाओं को लेकर तोड़ी चुप्पी, कहा

# मुझे अपनी जिंदगी अपनी तरह जीना पसंद

एजेंसी

**मुम्बई** : बॉलीवुड की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित ने बढ़ती उम्र और बदलते रूप को लेकर होने वाली ट्रोलिंग पर खुलकर अपनी बात रखी है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उम्र के साथ शरीर और चेहरे में बदलाव आना स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन लोगों की टिप्पणियों के कारण वह अपनी पसंद की चीजें करना नहीं छोड़ेंगी। माधुरी ने कहा कि इंसान को वही करना चाहिए जिससे उसे खुशी मिलती हो और वह अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती हैं।
माधुरी ने स्वीकार किया कि कभी-कभी ट्रोलर्स की बातें उन्हें बुरी लगती हैं, लेकिन वह उन्हें खुद पर हावी नहीं होने देतीं। उन्होंने कहा कि डांस उनके जीवन का अहम हिस्सा है और यही उनकी सबसे बड़ी एक्सरसाइज भी है, जो उन्हें फिट और ऊर्जावान बनाए रखती है। उनका मानना है कि समाज के नजरिए के अनुसार नहीं, बल्कि अपनी खुशी के अनुसार जीवन जीना चाहिए।
अपनी आगामी फिल्म 'मां बहन' के संदर्भ में माधुरी ने समाज में मां की आदर्श छवि पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मां को अक्सर इतना आदर्श बना दिया जाता है कि उससे हर समय परफेक्ट रहने की उम्मीद की जाती है, जबकि वह भी एक इंसान है और उसे भी आराम व देखभाल की जरूरत होती है। साथ ही उन्होंने नई पीढ़ी के कलाकारों की तारीफ करते हुए कहा कि आज के युवा कलाकार पूरी तैयारी के साथ काम करते हैं। माधुरी ने तृप्ति डिमरी और धारणा दुर्गा जैसे कलाकारों की सराहना करते हुए नई पीढ़ी पर गर्व जताया।



## डिजाइनरों और मॉडलों का दिखा जलवा




मोरहाबादी स्थित ओलिव्स चिल्ड्रन्स पार्क में मेराकी फैशन शो - स्प्रिंग समर 2026 (सीजन 2) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस फैशन शो में कुल 05 डिजाइनरों और 40 मॉडलों ने भाग लिया। रांची के साथ-साथ अन्य शहरों से आये मॉडलों ने भी रैम्प पर अपनी प्रतिभा और पेशेवर प्रस्तुति का शानदार प्रदर्शन किया। शो में डिजाइनर सुमंगल नाग, पल्लवी सिंह, ऋतिका, मनीष पांडेय एवं नीतू झा ने अपने विशिष्ट और आकर्षक परिधान संग्रह प्रस्तुत किये। उनके डिजाइनों ने आधुनिक फैशन के साथ भारतीय कला और संस्कृति की खूबसूरत झलक पेश की।